इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26



वर्ष- 46 अंक - 05 राजनांदगांव, शुक्रवार 20 नवंबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

पीएम मोदी का कारोबारियों को संदेश: किसानों और व्यापारियों को गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ेगा, हमनें 12 साल में अर्थव्यवस्था की स्थिति बदली

नई दिल्ली। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारोबारियों और कंपनियों को एक अहम संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों और कारोबारियों को गाली देने से देश का विकास नहीं होता। देश की तरक्की के लिए मेहनत, बेहतर सोच और मजबूत आर्थिक नीतियों की जरूरत होती है। प्रधानमंत्री ने कारोबारियों से अपनी जिम्मेदारी समझने और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने में योगदान देने की अपील की।

पीएम मोदी के मुताबिक भारत आज दुनिया के बड़े बाजारों में अपनी जगह बना चुका है। देश में लगभग 140 करोड़ लोगों की आबादी एक बड़ा उपभोक्ता बाजार तैयार करती है। लेकिन कंपनियों को केवल घरेलू ग्राहकों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। उन्हें अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी सुधारकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी मुकाबला करना होगा।

प्रधानमंत्री ने गरीबी कम होने को भी देश की आर्थिक प्रगति का बड़ा उदाहरण बताया। उन्होंने विश्व बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 12 से 13 वर्षों में करीब 50 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर आए हैं। हालांकि, गरीबी के आंकड़ों को समझते समय विश्व बैंक की तय गरीबी रेखा और रिपोर्ट की पद्धति को भी ध्यान में रखना जरूरी है।



पीएम मोदी का बड़ा संदेश: किसानों-कारोबारियों का सम्मान और देश की आर्थिक तरक्की


देश की आर्थिक तरक्की में किसानों, व्यापारियों और उद्योगपतियों की भूमिका काफी अहम होती है। किसान जहां देश के लिए अनाज पैदा करते हैं, वहीं कारोबारी रोजगार के अवसर बनाते हैं। उद्योगों के विकास से देश में निवेश और उत्पादन दोनों को नई ताकत मिलती है। इसी मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारोबारियों को आगे बढ़ने का संदेश दिया। पीएम मोदी ने कारोबारियों से कहा कि देश के विकास में सभी वर्गों का योगदान जरूरी है। किसानों और व्यापारियों को निशाना बनाने से अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती है। इसके बजाय सरकार, उद्योग और समाज को मिलकर विकास की दिशा में काम करना चाहिए। उनके संदेश का मुख्य फोकस आर्थिक विकास और कारोबार की गुणवत्ता सुधारने पर रहा।

गरीबी कम होने को पीएम मोदी ने बताया बड़ी उपलब्धि

प्रधानमंत्री ने भारत में गरीबी कम होने को आर्थिक बदलाव का बड़ा उदाहरण बताया। उन्होंने विश्व बैंक की रिपोर्ट का हवाला देकर करीब 50 करोड़ लोगों का जिक्र किया। उनके मुताबिक, पिछले 12 से 13 वर्षों में करोड़ों परिवारों की स्थिति बदली है। इससे गरीब परिवारों को बेहतर जीवन जीने के नए अवसर मिले हैं। विश्व बैंक की अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट भी इस दिशा में महत्वपूर्ण आंकड़े सामने रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2011 से 2023 के बीच लगभग 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। यहां विश्व बैंक की 4.20 डॉलर प्रतिदिन वाली गरीबी रेखा इस्तेमाल की गई है। इसलिए इस आंकड़े को अत्यधिक गरीबी के आंकड़े से अलग समझना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कारोबारियों को भारत के बड़े बाजार की ताकत समझने की सलाह दी। भारत में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ट्रंप-पुतिन-जिनपिंग की बैठक संपन्न, ट्रंप बोले- दुनिया की जिम्मेदारी अमेरिका, रूस और चीन पर

नई दिल्ली। दुनिया की तीन बड़ी परमाणु शक्तियों अमेरिका, चीन और रूस के राष्ट्राध्यक्ष गुरुवार को चीन के टेक हब शेनझेन में एक साथ बातचीत की मेज पर आए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यह पहली त्रिपक्षीय बैठक है। इस ऐतिहासिक मुलाकात को वैश्विक कूटनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। बातचीत के केंद्र में परमाणु हथियारों पर नियंत्रण, वैश्विक शांति और यूक्रेन समेत अंतरराष्ट्रीय संघर्षों का समाधान रहा। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के इतर हुई इस बैठक को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ग्राउंडब्रेकिंग बताया। वहीं, ट्रंप ने कहा कि वह उन देशों के नेताओं से सीधे बातचीत कर अमेरिकी विदेश नीति में एक अलग रास्ता अपना रहे हैं, जिनके साथ वाशिंगटन के मतभेद हैं।



ट्रंप बोले- हम सच में इतिहास बना रहे हैं

बैठक की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनकी चीन यात्रा के दौरान अमेरिका, रूस और चीन के नेताओं की पहली त्रिपक्षीय बैठक का मौका मिला। ट्रंप ने कहा, दुनिया के तीन सबसे बड़े देशों के राष्ट्रपति होने के नाते हमारी खास जिम्मेदारी है कि हम उन मुद्दों पर खुली, सम्मानजनक और सार्थक बातचीत करें, जिनका असर न केवल हमारे लोगों, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि तीनों देशों के पास चर्चा करने के लिए बहुत कुछ है और बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। ट्रंप के मुताबिक, दुनिया की तीन सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के नेताओं का एक साथ बैठना अपने आप में इतिहास बनाने जैसा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह बैठक सभी देशों के लिए बेहतर और सुरक्षित भविष्य बनाने के नए रास्ते खोल सकती है। ट्रंप ने कहा कि पहले के अमेरिकी नेता अक्सर उन देशों से बातचीत करने से बचते थे, जिनके साथ उनके मतभेद थे। लेकिन उनका मानना है कि बातचीत से दूरी बनाने के बजाय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सीएम योगी पहुंचे आर्य वर्धन के घर: परिजनों को बंधाया ढांढस, अखिलेश यादव के रोड शो से लौट रही जेसीबी की चपेट में आने से हुई मौत

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जेसीबी की चपेट में आकर जान गंवाने वाले 14 वर्षीय छात्र के परिजनों से मुलाकात कर समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार के साथ अक्षम्य क्रूरता बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।



गोरखपुर में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि मृतक 14 वर्षीय बच्चा हाईस्कूल का छात्र था और स्कूल से घर वापस लौट रहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह परिवार गोरखपुर के ऐतिहासिक चौरीचौरा से जुड़े एक महत्वपूर्ण क्रांतिकारी और स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार का हिस्सा है। सीएम योगी ने कहा कि पहले जेसीबी से ठोकर लगने के बाद जबर्दस्ती वाहन चढ़ाकर इस मासूम की हत्या की गई है, और वे इस दुखद मृत्यु से मर्माहत होकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने आए हैं। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व पर कड़ा प्रहार किया। सीएम योगी ने कहा, समाजवादी पार्टी के गुंडों ने कल एक नाबालिग बच्चे को कुचलकर हत्या की है। एक स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार के साथ यह क्रूरता अक्षम्य है और यही सपा का गुंडागर्दी व अराजकता का इतिहास रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सपा मुखिया के गुंडों की इस हरकत से आज शर्म भी शर्मसार हो रही है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा कि इन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

जनता के एक-एक रुपये का सही उपयोग सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : सीएम विष्णु देव साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जनता के एक-एक रुपये का सही उपयोग सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सार्वजनिक धन केवल वित्तीय आंकड़ा नहीं, बल्कि प्रदेश के नागरिकों की आशाओं, आकांक्षाओं और बेहतर भविष्य से जुड़ा हुआ है। जब किसी गांव में सड़क बनती है, किसी स्कूल में नया भवन तैयार होता है, दूरस्थ आदिवासी अंचल में नल से जल पहुंचता है या किसी माता-बहन के खाते में महतारी वंदन योजना की राशि पहुंचती है, तो इन सभी के पीछे जनता का पैसा होता है। इसलिए इसका पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना सुशासन की बुनियादी आवश्यकता है।



मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर स्थित महालेखाकार आवासीय परिसर के सामुदायिक भवन में आयोजित ऑडिट पखवाड़ा 2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को ऑडिट दिवस एवं ऑडिट पखवाड़े की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लेखा एवं लेखा परीक्षा से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी पर्दे के पीछे रहकर शासन की वित्तीय रीढ़ को मजबूती प्रदान करते हैं। उनका कार्य केवल आय-व्यय का हिसाब रखना नहीं, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए शासन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना भी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है। यही भावना शासन के प्रत्येक निर्णय और प्रत्येक वित्तीय प्रक्रिया में दिखाई देनी चाहिए।

उत्तरप्रदेश चुनाव : पीएम मोदी की अमित शाह, नितिन नवीन और बीएल संतोष के साथ बैठक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, केंद्र में भाजपा सरकार के 12 साल और उत्तरप्रदेश में 10 साल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ ही लाभार्थियों तक पहुंच बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया।



बुधवार की देर रात चली बैठक में गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी मौजूद थे। इसमें मथुरा में प्रदेश पदाधिकारियों की दो दिन बैठक में उठे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। ढाई घंटे से अधिक चली बैठक में नितिन नवीन और बीएल संतोष ने मथुरा बैठक में उठे मुद्दों के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को अवगत कराया। मथुरा की बैठक में दोनों मौजूद थे। इसके साथ ही उन्होंने जमीनी कार्यकर्ताओं से आ रही स्थानीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय मुद्दों के बारे में उन्हें बताया। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने सरकार और संगठन को एकजुट होकर चुनावी अभियान में लगने को कहा। प्रधानमंत्री का कहना था कि लंबे समय बाद उत्तरप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से निकलकर तेज विकास के रास्ते पर आया है और इस गति को बरकरार रखने के लिए तीसरी बार भाजपा की जीत जरूरी है।

बताया जाता है कि अमित शाह ने उत्तरप्रदेश के विधानसभा चुनाव की रणनीति और प्रचार अभियान की रणनीति पीएम मोदी के सामने रखा। इस पर लंबी चर्चा के साथ तत्काल काम शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस रणनीति में उत्तरप्रदेश के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नक्सलियों के डम्प पर बड़ा खुलासा, एके-47, बीजीएल लॉन्चर और कुकर बम समेत भारी हथियार बरामद

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पुलिस को नक्सल उन्मूलन अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के एक डंप से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। सभी बरामद हथियारों और विस्फोटक को जब्त कर मुख्यालय में जमा करा दिया गया है।



दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियारों और अन्य उपयोगी सामग्रियों के डंप खोजने में महत्वपूर्ण सफलताएं मिली हैं। अधिकारियों के निर्देश पर जिले में लगातार एरिया डोमिनेशन और सर्चिंग अभियान चलाए जा रहे थे। 16 नवंबर को थाना बारसूर क्षेत्र के ग्राम वाकेली के जंगल में एक सर्चिंग अभियान चलाया गया। इसके बाद 18 नवंबर को ग्राम बुरदुम के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में भी सुरक्षा बलों ने तलाशी ली। यह अभियान आत्मसमर्पित नक्सलियों और मुखबिरों से मिली महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर चलाया गया। अभियान के दौरान जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की टीमों ने संयुक्त रूप से काम किया। उन्होंने एरिया डोमिनेशन और सघन सर्चिंग की। 18 नवंबर की सुबह 7 बजे ग्राम वाकेली के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान एक डंप का पता चला। संयुक्त टीम ने वहां से बड़ी मात्रा में नक्सल उपयोगी सामग्री बरामद की। बरामद हथियारों में एक एके-47 राइफल और उसकी एक मैगजीन शामिल है। इसके साथ 25 एके-47 राउंड और एक देसी मेड ग्रेनेड भी मिला। सुरक्षा बलों ने एक .303 राइफल और दो बीजीएल लॉन्चर बंदूक भी बरामद की। एक 315 बोर बंदूक और एक भरमार बंदूक भी जब्त की गई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

एमके स्टालिन को उनके गढ़ में हराने वाले टीवीके विधायक वीएस बाबू का निधन

चेन्नई। कोलाथुर से तमिलगा वेत्री कझगम के विधायक वीएस बाबू का 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। वीएस बाबू ने हाल ही में हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन को हराया था। वीएस बाबू बीते 72 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे और आज दोपहर उनका निधन हो गया। वीएस बाबू पहली बार DMK के टिकट पर विधायक बने थे।



MGM हेल्थकेयर के एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, बाबू को 9 सितंबर को सांस संबंधी एक पुरानी बीमारी के कारण चेन्नई के इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां वे इंटेंसिव केयर यूनिट में थे। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन 2011 से कोलाथुर का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वहीं राज्य में 2026 में हुए विधानसभा चुनाव में वीएस बाबू ने एमके स्टालिन को उनके गढ़ में हरा दिया। इस जीत के साथ, दो दशकों के बाद बाबू की विधानसभा में वापसी हुई थी। वीएस बाबू पहली बार 2006 में DMK के टिकट पर तमिलनाडु विधानसभा के लिए चुने गए थे। वे DMK के चेन्नई उत्तर जिला सचिव भी रहे, लेकिन 2016 में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। बाबू को श्रद्धांजलि देते हुए, झड्डुच्य नेता और लोक निर्माण विभाग के मंत्री आधव अर्जुन ने कहा कि विधायक वीएस बाबू को मुख्यमंत्री विजय का प्यार और भरोसा हासिल था।

छत्तीसगढ़ में 4 आईएएस अफसरों की पदोन्नति, सीएम के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह एसीएस पद पर प्रमोट

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था से इस वक्त बड़ी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को पदोन्नत कर अपर मुख्य सचिव बना दिया गया है। वहीं, प्रमुख सचिव गृह एवं जेल विभाग निहारिका बारिक को भी प्रमोशन मिला है। उन्हें अपर सचिव गृह एवं जेल विभाग के पद पर पदोन्नत किया गया है। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, 1997 बैच के दो वरिष्ठ IAS अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। इनमें सुबोध कुमार सिंह और निहारिका बारिक शामिल हैं। दोनों अधिकारियों को अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है।




मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे सुबोध कुमार सिंह अब मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के रूप में काम करेंगे। इसके अलावा उन्हें नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन में प्रमुख आवासीय आयुक्त की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सुबोध कुमार सिंह को ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव का दायित्व भी दिया गया है। इसके साथ ही वे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इस तरह पदोन्नति के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय के साथ-साथ ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशासनिक कामकाज की जिम्मेदारी भी उनके पास रहेगी। वहीं, गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक को भी पदोन्नत कर अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। पदोन्नति के बाद भी वे गृह एवं जेल विभाग की जिम्मेदारी संभालती रहेंगी। गृह विभाग प्रदेश की कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रशासन और जेल व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण कामकाज देखता है। ऐसे में इस विभाग में उनकी जिम्मेदारी बरकरार रहना प्रशासनिक दृष्टि से अहम है। चार IAS अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने 19 नवंबर को दो अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के जरिए अधिकारियों के पदोन्नति संबंधी निर्णय के साथ उनकी नई प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गई हैं। छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ IAS अधिकारियों की इस पदोन्नति को प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

महादेव सट्टा केस: सौरभ चंद्राकर 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल, शुभम सोनी के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी

रायपुर। महादेव सट्टा किंग के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। उसकी रिमांड अवधि खत्म होने के मद्देनजर उसे ईडी और सीबीआई, दोनों मामलों में अलग-अलग अदालतों में पेश किया जाएगा। दिनभर चली सुनवाई के बाद सौरभ को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।

जांच का दायरा बढ़ा

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बहुचर्चित मामले के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को रायपुर स्थित पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट में पेश किया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस बार उसकी रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की, जिसके बाद अदालत ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया।



निर्धारित अवधि के अनुसार सौरभ चंद्राकर 2 दिसंबर तक जेल में रहेगा।

पूछताछ के लिए पुलिस अधिकारियों को बुलाया दिल्ली

इस मामले में जांच एजेंसी की कार्रवाई केवल ऐप के प्रमोटरों और उनके आर्थिक लेन-देन तक सीमित नहीं रह गई है। जांच की आंच अब छत्तीसगढ़ पुलिस के कुछ अधिकारियों तक पहुंचने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को कुछ पुलिस अधिकारियों को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया था। हालांकि पूछताछ के विषय और अधिकारियों की भूमिका को लेकर अभी विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

शुभम सोनी की मुश्किलें बढ़ी

दूसरी ओर मामले में फरार चल रहे शुभम सोनी की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। ईडी की विशेष अदालत ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। शुभम सोनी नवंबर 2023 में उस समय चर्चा में आया था, जब उसने एक वीडियो जारी कर खुद को महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप का असली मालिक बताया था। वीडियो में शुभम सोनी ने दावा किया था कि वर्ष 2021 में भिलाई से इस ऐप की शुरुआत हुई थी। उसने यह भी आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कहने पर वह दुबई गया था और वहां कथित तौर पर 508 करोड़ रुपये (शेष पृष्ठ 6 पर...)

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश का नया अध्याय, इंडस्ट्री डायलॉग में 1.07 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश और आर्थिक विकास के नए केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। राज्य सरकार की नई औद्योगिक विकास नीति और निवेश अनुकूल वातावरण के उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। आज नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग चैप्टर-3 में प्रदेश को 24 उद्योग समूहों के माध्यम से 1 लाख 7 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावित निवेशों से प्रदेश के लगभग 20 हजार युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में निवेशक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इन्विटेशन टू इन्वेस्ट लेटर सौंपे और प्रदेश में निवेश के प्रति उनके विश्वास का स्वागत किया। उन्होंने उद्योगपतियों से आत्मीय संवाद कर उनके सुझाव सुने तथा उद्योग स्थापना से लेकर परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योगों के लिए आवश्यक संसाधन, बेहतर अधोसंरचना, पर्याप्त बिजली-पानी, कुशल मानव संसाधन और अनुकूल नीतिगत वातावरण उपलब्ध है। देश के मध्य में स्थित होने के कारण प्रदेश को बेहतर कनेक्टिविटी और बाजारों तक पहुंच का भी लाभ मिलता है। हमारी सरकार इन विशेषताओं को बड़े औद्योगिक निवेश, स्थानीय रोजगार और प्रदेश की आर्थिक समृद्धि में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

निवेश प्रस्तावों से आगे बढ़कर धरातल पर उतर रही औद्योगिक परियोजनाएं

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अगले महीने राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस अवधि में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। नई औद्योगिक विकास नीति और देश-विदेश में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग डेढ़-दो वर्षों में प्रदेश को साढ़े आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि निवेश प्रस्ताव अब वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं का स्वरूप ले रहे हैं। प्रदेश में लगभग 60 औद्योगिक परियोजनाओं में कार्य प्रारंभ हो चुका है। इससे स्पष्ट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पहला कॉलम...

अध्यात्म और पुराण ही आधुनिक विज्ञान की जननी हैं : भागवताचार्य चेलादास वैष्णव



राजनांदगांव (दावा)। चिखली पुलिस थाना के पीछे स्थित वैष्णव सामाजिक भवन (दीनदयाल नगर) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान भागवताचार्य चेलादास वैष्णव ने अध्यात्म, पुराणों और धर्मग्रंथों को आधुनिक विज्ञान की जननी बताया। उन्होंने इसका उदाहरण देते हुए प्राचीन ग्रंथों में वर्णित पुष्पक विमान, ब्रह्मास्त्र, दिव्यदृष्टि और चंद्र-सूर्य ग्रहण की सटीक गणनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं की सोच व खोज की मूल जड़ अध्यात्म में ही निहित है। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए महाराज जी ने प्रकृति और परमात्मा को एक-दूसरे का पर्याय बताया और कर्म की प्रधानता को सरल भाषा में श्रद्धालुओं को समझाया। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि 'कलयुग केवल नाम अधारा, अर्थात इस युग में प्रभु का नाम जाप ही जीव के उद्धार का सबसे सरल माध्यम है। कथा माहात्म्य के अंतर्गत भागवताचार्य ने कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, जड़भरत, अजामिल कथा, सागर मंथन, वामन अवतार सहित श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर लाल जे.के. वैष्णव (छोटे राजा परिवार, छुईखदान) ने भागवताचार्य चेलादास वैष्णव का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने गुजरात के सूरत में आयोजित वैष्णव समाज के अधिवेशन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में दिए गए अपने उद्बोधन का स्मरण कराते हुए समाजजनों से अपील की कि वे अपने घरों में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा वैष्णव भागवताचार्यों से ही श्रवण करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व समाजजन उपस्थित रहे।

नर्सिंग सहायक एवं सामान्य कर्मचारी की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित सैनिक स्कूल अंबिकापुर में नियमित वेतनमान पर नर्सिंग सहायक के एक पद एवं सामान्य कर्मचारी के तीन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

जनजातीय गौरव सम्मान से सम्मानित हुई रंजना मंडावी



राजनांदगांव (दावा)। जनजातीय समाज की प्रतिभा, गौरव एवं सामाजिक योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में रंजना मंडावी को जनजातीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि ने न केवल रंजना मंडावी, बल्कि संपूर्ण जनजातीय समाज को गौरवान्वित किया है। जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं, संस्कृति, अस्मिता और गौरवशाली विरासत को पहचान दिलाने में ऐसे सम्मान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रंजना मंडावी को प्राप्त यह सम्मान उनकी उपलब्धि के साथ-साथ जनजातीय समाज की प्रतिभा, आत्मसम्मान और पहचान का भी प्रतीक है। यह उपलब्धि समाज के अन्य लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करेगी। यह सम्मान रंजना मंडावी के लिए एक अविस्मरणीय उपलब्धि है। उनकी इस सफलता पर शुभचिंतकों एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।





अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल को मिला प्रथम स्थान

यश कुमार साहू व त्रियांश राज ने प्रभावशाली वक्तृत्व से जीता निर्णायकों का दिल, रॉयल किड्स कॉन्वेंट को मिला तृतीय स्थान

राजनांदगांव (दावा)। विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक चिंतन और प्रभावी संवाद कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्कार सिटी स्कूल द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालयीन अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का विषय 'होमवर्क एंड मेंटल हेल्थ' रहा। जिस पर प्रतिभागियों ने वर्तमान शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन, समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया। प्रतियोगिता में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल के प्रतिभाशाली



विद्यार्थी यश कुमार साहू और त्रियांश राज ने अपनी सशक्त तर्कशक्ति, विषय की गहन समझ व आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित कर प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं, रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल की प्रियांशी स्वर्णकार और परिधि जैन ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया।

वाद-विवाद के दौरान प्रतिभागियों ने गृहकार्य (होमवर्क) से विकसित होने वाले अनुशासन, नियमितता व स्वाध्याय की आदत के साथ-साथ अत्यधिक शैक्षणिक दबाव से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को तार्किक और तथ्यपरक ढंग से रखा। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धियां हासिल करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास को भी समान महत्व देना है।

प्राचार्या व संचालक मंडल ने दी बधाई

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वाद-विवाद जैसी गतिविधियां बच्चों में स्वतंत्र चिंतन और नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, राहुल देव चौधरी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती जाह्नवी सिंह, श्रीमती इला सिंह, इंद्र कुमार वैष्णव एवं एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

भाजपा जिला व्यावसायिक प्रकोष्ठ के महेश सोनी संयोजक घोषित



दिलीप देवांगन, रामराज यादव, विनय बिंदल एवं संजय लड़वन बनाए गए सहसंयोजक

राजनांदगांव (दावा)। छोटे, मंझले एवं फुटकर व्यापारियों के हितों के संरक्षण, उनकी समस्याओं के निराकरण तथा व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गठित जिला भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। प्रदेश संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार के सहमति पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने वरिष्ठ भाजपा नेता महेश सोनी को जिला संयोजक घोषित किया है। इसी तरह दिलीप देवांगन, रामराज यादव, विनय बिंदल एवं संजय लड़वन को जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार राहुल जायसवाल को कार्यालय प्रभारी, राहुल खंडेलवाल को कार्यालय सह प्रभारी, महेन्द्र सोनी को मीडिया प्रभारी, संकित जैन को मीडिया सह प्रभारी, लाल सिंह केसरवानी को सोशल मीडिया प्रभारी, नरगेस साहू को सोशल मीडिया सह प्रभारी, सुनील वाजपेयी को मन की बात प्रभारी तथा महेश्वर सोनकर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में नादान सेन, हितेश साहू, पूर्णिमा सिन्हा, त्रिलोचन साहू, राजकुमार सिंह, मनोज गोलछा, मनोज मालू, बालकृष्ण सिन्हा, घनश्याम साहू, कुशल खंडेलवाल, बजरंग साहू, विमन साहू, जगेंद्र सिन्हा, सुखराम साहू, पंकज साहू, चंदू साहू, गिरधर, शोभित साहू, दीपक वर्मा, धनेश्वर क्षत्रिय, ल व कुमार यादव एवं सागर सहारे, टेकलाल साहू एवं मानसिंह साहू को भी सूची में शामिल किया गया है। जिला संयोजक महेश सोनी ने कहा कि व्यावसायिक प्रकोष्ठ के माध्यम से जिले के छोटे, मंझले एवं फुटकर व्यापारियों को संगठित कर उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की व्यापारी हितैषी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों से संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा की।

आयुक्त ने ली एस.एल.आर.एम. सेंटर प्रभारियों की बैठक



विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर 19 से 27 नवम्बर 2026 तक विशेष अभियान हेतु दिये दिशा निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं कचरा पृथक्करण के लिये जन जागरूकता लाने आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की गत दिवस बैठक ली। बैठक में उन्होंने दिनांक 19 नवम्बर से 27 नवम्बर 2026 तक आयोजित विशेष अभियान के लिए दिशा निर्देश देते हुए सत प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण और सोर्स सेग्रीकेशन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री मरकाम ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो से कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष शौचालयो की स्वच्छता, पर्यावरण अनुकुलता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 19 नवम्बर को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर 19 नवम्बर से 27 नवम्बर 2026 तक विशेष अभियान आयोजन हेतु निर्देश प्रदान किए है। निर्देश के अनुक्रम में महापौर महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा भी विशेष अभियान चलाया जाना है।

आयुक्त ने एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियो व महिला समूह सदस्यो से कहा कि में कहा कि निकाय अंतर्गत संचालित समस्त सावंजनिक एवं सामुदायिक शौचालयो का अभियान के दौरान विश्लेषण करना है। शौचालयो में साफ सफाई के अलावा, पानी, बिजली, प्रकाश व्यवस्था, हाथ धोने की सुविधा, डस्टबिन, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के अलावा महिलओ, बच्चो, दिव्यांगजनों के लिए की गयी व्यवस्था का शासन मापदण्ड के अनुरूप विश्लेषण करना है। साथ ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में विशेष अभियान चलाना है और अभियान से नागरिको को जोडना है तथा नागरिको को स्वच्छता अपनाने, शौचालय का उपयोग करने, गंदगी नही फैलाने, कचरा डस्टबिन में डालने समझाईस देना है।

आयुक्त श्री मरकाम ने सेन्टर प्रभारियो से कहा कि सत प्रतिशत घरो से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर यूजर चार्ज की वसूली करनी है और स्त्रोत पर ही कचरा पृथक्करण कर देने नागरिको को जागरूक करना है। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के बारे में जानकारी देते हुए गिला, सुखा, सेनेटरी वेस्ट और घरेलू हानीकारक कचरे को घर से ही अलग अलग कर देने आम नागरिको को समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि सेन्टर में भी गिला सुखा कचरे का समुचित निपटान किया जाए तथा सेन्टरो में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखकर स्वच्छ वातावरण निर्मित किया जाए। बैठक में प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री पवन कुर्रे, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू सहित एस.एल.आर.एम. सेन्टर प्रभारी उपस्थित थे।

कस्तूरबा भवन में बिखरी अन्नकूट महोत्सव की छटा, 56 भोगों के साथ पूजे गए बांके बिहारी

महिलाओं के भजन-कीर्तन और दुबई से आईं अंशुल जैन के भक्तिमय नृत्य ने मोहा मनद्म पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, पूर्व महापौर हेमा देशमुख सहित शहर के प्रबुद्धजन हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। गोपाष्टमी के ठीक दूसरे दिन समाजसेवी महिलाओं की अग्रणी संस्था कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा स्थानीय कस्तूरबा भवन में अन्नकूट महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला को स्मरण करते हुए आयोजित इस धार्मिक समारोह में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक दीपक बुद्धदेव तथा वरिष्ठ किसान नेता व समाजसेवी अशोक चौधरी विशेष रूप से शामिल हुए। पंडित मोहन शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों एवं मंडल की सदस्यों ने भगवान बांके बिहारी को 56 भोग अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की।

'जय गोपाल-जय कन्हैया लाल' के भजनों से गूंजा परिसर

महोत्सव का शुभारंभ मंडल की प्रमुख महिलाओं श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, शारदा तिवारी, साधना तिवारी, हेमा देशमुख, आशा गुप्ता एवं शोभारानी चौरसिया आदि द्वारा शंख ध्वनि और महाआरती के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार दीपक बुद्धदेव ने 'जय-जय श्री गोपाल व जय कन्हैया लाल की' भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। वहीं, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने दुर्वासा ऋषि द्वारा द्रौपदी को अन्नपूर्णा घट प्रदान किए जाने की पावन कथा सुनाई। डॉ. पुखराज बाफना और अशोक चौधरी ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अर्चना बाजपेई ने काव्य पाठ किया तथा गायिका प्रज्ञा गुप्ता ने सुमधुर कृष्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

राधारानी और मीरा के प्रेम भाव पर आधारित नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दुबई से पधारीं सुश्री अंशुल जैन की श्रीकृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत मनोहारी नृत्य प्रस्तुति रही। उनके नृत्य में राधारानी और मीराबाई के निश्छल कृष्ण प्रेम की झलक देखकर उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी ने कहा कि जिसने बांके बिहारी को पा लिया। उसने मानो सब कुछ पा लिया। क्योंकि श्रीकृष्ण ही इस सृष्टि के आधार हैं।

इस दौरान श्रीमती विद्या पांडे, अनीता जैन, माया अग्रवाल, टीना खंडेलवाल, उषा मिश्रा, जनक बाई गुप्ता, मौसमी शर्मा, ममता व सरिता शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाओं ने ढोलक की थाप पर 'पुरी के भगवान जगन्नाथ, चकानाथ, नीलांचल वाले' आदि पारंपरिक भजनों का सामूहिक गान किया। अतिथियों का स्वागत कस्तूरबा विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता व व्यवस्थापक सीताराम वैष्णव ने किया। आभार प्रदर्शन सचिव श्रीमती साधना तिवारी तथा महाप्रसादी वितरण पश्चात धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता द्वारा किया गया।

युगांतर के चार विद्यार्थी सीए फाउंडेशन में सफल



राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल के चार विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन एक्जाम में शानदार सफलता अर्जित की है। इनमें सीबीएसई बारहवी बोर्ड की विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त सौम्या लोहिया, मिष्ठी तेजवानी, श्रीया बैद, प्रियान्श सुराना ने इस एक्जाम में उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ एक उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इन उभरते विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया। इन विद्यार्थियों ने तरूण महापात्रा, भावा रमेश, दीप्ति बिंदल के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता अर्जित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

आवश्यकता है।
वाहनों में जीपीएस एवं रेडियम लगाने हेतु युवकों की एवं ऑफिस वर्क हेतु युवती की।
सम्पर्क :- अग्रवाल परिवहन सुविधा केन्द्र
रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव
युवकों की सैलरी 12000/-
युवक एवं युवती अपना रिजियुम लेकर ही आवें।

शुभांक

अनुमानित

बी. के.
1-3-8
289-9 679-2
राजधानी
3-4-0
466-6 679-2

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202611092200033

विषय:- नया साहूकारी लाइसेंस्स मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2026-27, डोंगरगढ़ पहनं. 00025 [(हे)], पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - अमर नारायण परमार, आवेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अमरनारायण परमार आ. स्व. नारायण भाई परमार जाति गुजराती निवासी वार्ड नम्बर 13, परमार बाड़ा, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव द्वारा साहूकारी अधिनियम 1934 के अंतर्गत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, पेनकार्ड, इनकम टैक्स रिटर्न प्रस्तुत कर साहूकारी लायसेंस प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है। मो. 9827960135

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 07/12/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/11/2026 को जारी किया जाता है।

CHITESH DEWANGAN
तहसीलदार
तहसील-डोंगरगढ़

NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT. 1932

Notice is hereby given under section 72 of the Indian Partnership Act. 1932 that the following changes have been occurred in the constitution of the partnership. That the name and style of Partnership Business is continued as **'Jay Polymers Industries' and its principal place of business was shifted from C/o Shri Jivraj Patel, Patel Timber Market, Patel Nagar, G.E. Road, Rajnandgaon-491441, Chhattisgarh to Kakrel, Thakurtola, Rajnandgaon-491441, Chhattisgarh,** with effect from 22/04/2022 Registration No. 222022259870 dated 17/12/2022.

Place: Rajnandgaon
Dated: 12.10.2026

For, Jay Polymers Industries
(Narendra Kumar Patel)
Partner

NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT.1932

This is hereby notified that re-constitution of partnership firm "Jay Polymer Industries", C/o Shri Jivraj Patel Timber Market, Patel Nagar, G.E. Road, Rajnandgaon-491441, (C.G.) has undergone the following changes: - Shri Jayant Patel S/o. Shri Jivraj Patel retiring of the firm of their own will. Smt. Jagriti Patel D/o. Shri Jayant Patel retiring of the firm of their own will. Smt. Nisha Patel has joined the firm on 12.10.2026 and accordingly becomes the partner of the firm from 12.10.2026.

Place: Rajnandgaon
Dated: 12.10.2026

For, Jay Polymers Industries
(Narendra Kumar Patel)
Partner

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारु रूप से जारी, किसानों में उत्साह

जिले में अब तक 5538 किसानों से 20 हजार 681.44 मीट्रिक टन धान का उपार्जन, अब तक 4959 कट्टा धान एवं 3 वाहन जप्त



राजनांदगांव (दावा)। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसान उत्साह के साथ अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। धान खरीदी के पांचवें दिन आज जिले के 121 उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय के लिए कुल 1426 टोकन जारी किए गए थे। इन टोकनों के माध्यम से 5 हजार 849.28 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत था। जारी टोकनों में से 1377 किसानों ने कुल 5 हजार 231.64 मीट्रिक टन धान का विक्रय किया। इस प्रकार टोकन प्राप्त करने वाले 96.56 प्रतिशत किसानों ने आज अपनी उपज का विक्रय किया।

जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने से अब तक कुल 5538 किसानों से 20 हजार 681.44 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ धान खरीदी कार्य की सतत निगरानी की जा रही है।

आगामी दिवस 20 नवम्बर 2026 को धान विक्रय के लिए जिले के सभी 122 उपार्जन केन्द्रों में कुल 1621 टोकन जारी किए गए हैं। इन टोकनों के माध्यम से कुल 6 हजार 702.14 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध भंडारण, परिवहन एवं उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज 19 नवम्बर 2026 को जिले में अवैध धान के 5 प्रकरण दर्ज कर कुल 1044 कट्टा (417.50 क्विंटल) धान एवं एक वाहन जप्त किया गया। अन्य राज्यों से जिले में अवैध धान के प्रवेश को रोकने के लिए अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित पाटेकोहरा बैरियर में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। आज पाटेकोहरा बैरियर में जांच के दौरान महाराष्ट्र से अवैध रूप से धान परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन से 826 कट्टा (330.50 क्विंटल) धान जप्त किया गया। इसी प्रकार मंडी डोंगरगढ़ द्वारा ग्राम रानीगंज एवं कन्हारगांव में दो प्रकरणों में 75 कट्टा (30 क्विंटल) धान जप्त किया गया। वहीं मंडी राजनांदगांव द्वारा ग्राम पटेवा में दो फर्मों से 143 कट्टा (57 क्विंटल) धान जप्त किया गया। जांच के दौरान संबंधित फर्मों द्वारा लाइसेंस की तय सीमा से अधिक धान का संग्रहण करने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण जप्ती की कार्रवाई की गई।

अब तक 23 प्रकरणों में 2 हजार 145.50 क्विंटल अवैध धान जप्त

जिले में अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। धान खरीदी प्रारंभ होने से 18 नवम्बर 2026 तक अवैध धान के 18 प्रकरणों में 3915 कट्टा (1728 क्विंटल) धान एवं दो वाहन जप्त किए गए थे। वहीं 19 नवम्बर को 5 प्रकरणों में 1044 कट्टा (417.50 क्विंटल) धान एवं एक वाहन जप्त किया गया। इस प्रकार जिले में अब तक अवैध धान के कुल 23 प्रकरणों में 4959 कट्टा (2145.50 क्विंटल) धान एवं तीन वाहन जप्त किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने तथा अवैध धान की खरीदी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए निगरानी एवं जांच की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मन को संयम जीवन में बसाने का समय आ गया है : मुनि मौलिकप्रभ सागर



मनुष्य को बुरी संगत से बचते हुए संयमित और खुशहाल जीवन जीना चाहिए : मुनि श्रेयांशप्रभ सागर

राजनांदगांव (दावा)। खरतर गच्छाधिपति आचार्य मणिप्रभ सागर के सुशिष्य मुनि मौलिकप्रभ सागर ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने मन को संयम जीवन में बसाएं। संयम ही जीवन का वास्तविक सार है और संयम के मार्ग पर चलने पर मन में केवल परमात्मा और गुरु का ही वास रहता है। इसके लिए व्यक्ति को अपने भीतर के सभी कषायों का त्याग करना पड़ता है। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला में स्थानीय ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा कि संयम जीवन जीने के लिए बहुत सी चीजों का त्याग आवश्यक है। केवल केश (बालों) का मुंडन कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि संयम जीवन में काम, क्रोध, लोभ और अहंकार (मान) का भी मुंडन करना पड़ता है। जब मन से इन विकारों और बाहरी मोह का त्याग होता है। तभी सच्चा संयम सधता है। धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन मुनि श्रेयांशप्रभ सागर ने श्रीराम के वनवास प्रसंग का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने भरत के राजगद्दी पर बैठने के लिए स्वेच्छा से वनवास स्वीकार किया था। जब भरत और माता कैकेयी उन्हें मनाने वन गए। तब भी श्रीराम ने अपने वचन और मर्यादा का पालन करते हुए अयोध्या लौटने के बजाय वनवास को ही चुना। मुनि श्री ने कहा कि इस संसार में जितने अच्छे लोग हैं। उतने ही बुरे लोग भी हैं। हमें ऐसे बुरे लोगों की संगत से बचते हुए संयमित और खुशहाल जीवन जीना चाहिए।

पहला कॉलम...

भाई दूज पर रंगोली से सजाया मंदिर प्रांगण, कलाकृति ने मोहा मन



भिलाई/दुर्ग (दावा)। भाई दूज के पावन अवसर पर वैशाली नगर भिलाई (जिला दुर्ग) की प्रसिद्ध रंगोली कलाकार प्रतिभा महाराणा ने एक मंदिर प्रांगण में बेहद आकर्षक और जीवंत रंगोली तैयार की। भाई-बहन के अटूट प्रेम और पर्व की पावनता को दर्शाती इस कलाकृति में रंगों के सुंदर संयोजन और बारीक कारीगरी की झलक देखने को मिली। मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस कलाकृति की जमकर सराहना की।

इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया पुष्पांजलि अर्पित



राजनांदगांव। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर 19 नवंबर को शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शांति नगर स्थित वार्ड क्रमांक 6, नहर नाली रोड, देवेश बाड़ा में पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उनके व्यक्तित्व, कृतित्व, राष्ट्र निर्माण में योगदान और विचारों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने अपने मजबूत नेतृत्व से भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इंदिरा गांधी ने कठिन परिस्थितियों में भी बड़े और निर्णायक फैसले लेकर देश का नेतृत्व किया। उनका जीवन कांग्रेसजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुदलियार ने कहा कि इंदिरा गांधी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनहित, सामाजिक न्याय और देश की एकता के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विश्व शौचालय दिवस, सार्वजनिक शौचालयों में चला सफाई अभियान



आयुक्त ने निरीक्षण कर शौचालयों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज 19 नवम्बर 2026 को निगम सीमाक्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों में सफाई अभियान चला, साफ-सफाई की गयी तथा नागरिको को शौचालय के अंदर सफाई रखने एवं शौचालय के आस पास साफ सुथरा रखने समझाईस दी गयी। नगर निगम का स्वास्थ्य अमला आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शहर के शौचालयों में सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई किए। शौचालय के केयर टेकर को शौचालय को साफ सुथरा रखने तथा शौचालय में सभी आवश्यक सामाग्री रखने समझाईस दी गयी। इसके अलावा जन जागरूकता के तहत शौचालय उपयोग करने वालो तथा आस पास के लोगो को शौचालय एवं शौचालय के आस पास साफ सुथरा रखने समझाईस दिए। उनसे कहा गया कि खुले में शौच न करे, शौच के लिए नियमित रूप से शौचालय का ही उपयोग करे। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने पेण्ड्री मेडिकल कालेज पास निर्मित आकांक्षी शौचालय का निरीक्षण कर शौचालय में व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर केयर टेकर को साफ सफाई, पानी की पर्याप्त उपलब्धता के अलावा सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने शौचालय के केयर टेकर को शौचालय को साफ सुथरा रखने तथा जल आपूर्ति, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था हाथ धोने की सुविधा, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओ बच्चो, वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों हेतु किये गये प्रावधानों पर विशेष ध्यान दिया जाये। इसके अलावा निगम सीमाक्षेत्र के सभी शौचालयों की विशेष साफ सफाई कर प्रतिदिन साफ सुथरा रखने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किए।

नाबालिग से तीन साल तक दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने का आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार, भेजा जेल



तुमड़ीबोड़ (दावा)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से एक नाबालिग बालिका से संपर्क कर दुष्कर्म करने तथा अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तीन साल तक ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को तुमड़ीबोड़ पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी किशोर साहू पिता इंदल साहू (31 वर्ष), निवासी ग्राम दीवानभेड़ी, पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में महिला एवं बालकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित व सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार 18 नवंबर को प्रार्थिया ने पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को दी जानकारी

रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी किशोर साहू ने इंस्टाग्राम के जरिए नाबालिग बालिका से परिचय बढ़ाया और मिलने के लिए बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने नाबालिग का अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वह फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार तीन साल तक बालिका को ब्लैकमेल करता रहा और उसका शारीरिक शोषण किया। आरोपी की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने पूरी आपबीती अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद परिजनों ने चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुमड़ीबोड़ पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की और घेराबंदी करते हुए चंद घंटों के भीतर आरोपी किशोर कुमार साहू को धर दबोचा।

गांजा तस्करी करती महाराष्ट्र की दो महिलाएं गिरफ्तार, 4 लाख रुपये का 8.224 किलो गांजा जप्त



छुरिया/चिचोला (दावा)। जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस चौकी चिचोला (थाना छुरिया) की टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बस स्टैंड चिचोला से महाराष्ट्र की दो महिला तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8.224 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी बाजार में कीमत 4 लाख 500 रुपये आंकी गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार 18 नवंबर की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रायपुर की ओर से बस में सवार होकर दो संदिग्ध महिलाएं अवैध गांजा लेकर बस स्टैंड चिचोला पहुंची हैं और बेचने के लिए ग्राहक तलाश रही हैं। टीम ने तत्काल बस स्टैंड क्षेत्र में नाकाबंदी कर घेराबंदी की। नाकाबंदी के दौरान मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार संदिग्ध अवस्था में खड़ी दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने अपना नाम आशा सुनील काडे (28 वर्ष) निवासी बोरगांव, जिला बीड (महाराष्ट्र) तथा गौरी भगवान काले (45 वर्ष) निवासी शिरडी, जिला अहमदनगर (महाराष्ट्र) बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास मौजूद दो पिट्ठू बैग के अंदर खाकी रंग के टेप से लिपटे कुल 4 प्लास्टिक पैकेटों में गांजा बरामद हुआ। इसमें आशा काडे के पास से 4.110 किलोग्राम तथा गौरी काले के पास से 4.114 किलोग्राम (कुल 8.224 किलोग्राम) गांजा जप्त किया गया। मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना छुरिया (चौकी चिचोला) में अपराध क्रमांक 223/2025, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेश करने के बाद आदेशानुसार दोनों महिलाओं को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

केंद्र के समान डीए और पटवारियों की मांगों के समर्थन में फेडरेशन ने निकाली आक्रोश रैली, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ओवरब्रिज के नीचे से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, 33 संगठनों के पदाधिकारियों ने निभाई सक्रिय भागीदारी



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारियों की लंबित मांगों के समर्थन तथा केंद्र के समान महंगाई भत्ता (डीए) व लंबित एरियर्स के भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्थानीय धरना स्थल (ओवर ब्रिज के नीचे) एकत्रित होकर आक्रोश रैली निकाली। नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक डॉ. के.एल. टांडेकर एवं पी.आर. झाड़े के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों की लंबित मांगों की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए आंदोलन को और तेज करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

0 मांगें पूरी न होने से कर्मचारियों में आक्रोश

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के अधिकारी एवं कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को शासन के समक्ष रख रहे हैं, लेकिन अब तक निराकरण नहीं होने से उनमें निराशा और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। शासन को कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति व समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। राजनांदगांव इकाई के पदाधिकारियों ने प्रदेश के समस्त कर्मचारियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई में सहभागी बनने की अपील की और मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिला संरक्षक डॉ. के.एल. टांडेकर, पी.आर. झाड़े, संतोष चौहान, कौशल शर्मा, संजय सिंह, भीषम ठाकुर, भूपेंद्र कांडे, संजय तिवारी, महेश साहू, केदार शांडिल्य, वीरेंद्र कुमार रंगारी, पुष्पेंद्र साहू, सुधांशु सिंह, संतोष देशमुख, सुदेश टेंभुरकर, जी.आर. देवांगन, एन.एल. देवांगन, कृतलाल साहू, प्रशांत सुखदेवे, निलेश रामटेके, दिलीप बारले, अरुण देवांगन, डी.एल. चौधरी, डुमन लाल साहू, महेश्वर प्रसाद साहू, दीपक वैष्णव, उपेंद्र रामटेके, भूपेंद्र गणवीर, राजेश साहू, डैनी राम वर्मा, रोहित सिन्हा, आदर्श वासनिक, रफीक अंसारी, चंदन देवांगन, नंदकुमार वर्मा, कमलेश चंदेल, राजीव श्रीवास्तव, बाबूलाल देवांगन, अनिल वर्मा, प्रशांत ठाकुर, देवव्रत यदु, पूनम डोंगरे, सोनम कोकिला, सुदेश यादव, हरिश्चंद्र यादव एवं बहोरन सिंह पाल सहित 33 संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गंडई में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या या आत्महत्या को लेकर चर्चाएं तेज

घर के किचन में गंभीर रूप से घायल मिला था स्वच्छता कमांडो

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के टिकरीपारा (वार्ड क्रमांक-11) में शनिवार 14 नवंबर की मध्यरात्रि एक विवाहित युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार 15 नवंबर की शाम परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया। इस घटना के बाद पूरे नगर में हत्या और आत्महत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं, हालांकि पुलिस ने अभी किसी भी आशंका की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जानकारी के अनुसार, टिकरीपारा वार्ड 11 निवासी विजय यादव (34 वर्ष) शनिवार मध्यरात्रि को अपने घर के किचन में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए रेफर कर दिया।

परिजन घायल विजय को लेकर राजधानी रायपुर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक नगर पंचायत गंडई के सफाई विभाग में स्वच्छता कमांडो के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। युवक की असमय मौत से परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू से जांच में जुट गई है। घटनास्थल के साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम का भी सहारा लिया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा।

पार्किंग से चोरी गई बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगांव (दावा)। थाना डोंगरगांव पुलिस ने सुखरी प्लांट की पार्किंग से चोरी हुई बजाज पल्सर आरएस 200 मोटरसाइकिल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद मोटर साइकिल की कीमत लगभग 95 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार ग्राम दीवानभेड़ी निवासी ढालूराम यादव ने 31 मई 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 मई को ड्यूटी के दौरान कंपनी की पार्किंग में खड़ी बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 08/बीए 0458 चोरी हो गई थी। कंपनी के सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल ले जाते दिखाई दिया था। विवेचना के दौरान 18 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मोहड़ चौक के पास घेराबंदी कर चोरी की मोटर साइकिल के साथ करण निषाद (22 वर्ष) निवासी हितागुटा थाना अंबागढ़ चौकी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भूषण चन्द्रकार, प्रधान आरक्षक संदीप देशमुख तथा आरक्षक चन्द्रप्रकाश हरमुख एवं हेमंत सूर्यवंशी की भूमिका रही।

अनमोल 'दावा'

सफलता मिलने पर विनम्रता और असफलता में धैर्य ही अच्छे चरित्र की पहचान है।

पचास माह की सर्वोच्च महंगाई

यदि फैक्टरी गेट पर मुद्रास्फीति बढ़ गई है, तो खुदरा महंगाई से आम आदमी कैसे बच सकता है? खुदरा महंगाई दर पहले ही 6 फीसदी की हद लांघ चुकी है। यह 'लक्ष्मण-रेखा' भारतीय रिजर्व बैंक ने खींची थी। अब थोक महंगाई दर भी चार साल में सबसे अधिक 12.29 फीसदी पर पहुंच गई है। यह बीते 50 माह (4 साल, 2 माह) में महंगाई का सर्वोच्च स्तर है। ग्रामीण इलाकों में मुद्रास्फीति और खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 'दहाई' में पहुंच चुकी है। यह लगभग वही स्थिति है, जो कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान होती थी। तब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने बहुत आक्रामक अभियान छेड़ा था और ढेरों आश्वासन दिए थे। आज कोई सुनने वाला भी नहीं है, जब केंद्र में भाजपा-एनडीए की सरकार है और मोदी बीते साढ़े 12 साल से प्रधानमंत्री हैं। बहरहाल थैली में बिकने वाला दूध एक ही दिन में 4 रुपए से 12 रुपए प्रति लीटर तक महंगा कर दिया, कोई सवाल करने वाला ही नहीं है कि ऐसा क्यों किया गया? आम आदमी के लिए चाय पीना भी महंगा और दुश्वार हो गया है। दूध के अलावा दालें, आटा, खाद्य तेल और अधिकतर सब्जियां भी महंगी बेची जा रही हैं। थोक महंगाई दर अगस्त, 2022 में भी 12.48 फीसदी तक उछल चुकी है। अब दालें करीब 26 फीसदी और तिलहन करीब 22 फीसदी महंगे हो चुके हैं। सबसे अधिक दबाव मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र पर दिख रहा है, जहां कपड़ा, रसायन, रबर और प्लास्टिक, धातुएं और बिजली के उपकरणों की कीमतें बढ़ गई हैं। बेशक ये वस्तुएं रोजमर्रा जीवन की बुनियादी जरूरतें नहीं हैं, लेकिन कपड़ा और दवा के रूप में रसायन तो बेहद महत्वपूर्ण वस्तुएं हैं। जरूरत पडऩे पर इन चीजों की खरीद करनी ही पड़ती है। बेशक हम टीवी, फ्रिज, एयरकंडीशनर आदि को फिलहाल छोड़ सकते हैं। वैसे टीवी, फ्रिज तो अब औसत घर की जरूरत बन चुके हैं। महंगाई के जो आंकड़े जारी किए गए हैं, उनके आधार पर कपड़ा 13.67 फीसदी, तंबाकू उत्पाद 13 फीसदी, रसायन 17.5 फीसदी, रबर और प्लास्टिक करीब 14 फीसदी, बेसिक धातुएं 17 फीसदी से अधिक और बिजली उपकरण करीब 10.5 फीसदी महंगे हो गए हैं।

इस महंगाई के कई कारण हैं। ईंधन और बिजली महंगी हो गई है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दाम 57 फीसदी से बढ़ कर 71 फीसदी पर पहुंच गए हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की महंगाई 40 फीसदी से बढ़ कर 45.5 फीसदी हो गई है। कच्चा माल महंगा होने से महंगाई दर 17.5 फीसदी तक बढ़ गई है। कच्चे माल की लागत बढऩे से कंपनियों के मुनाफे पर संकट है। वह सिकुड़ता जा रहा है। कंपनियों पर सरकारों के दबाव भी हैं कि कीमतें ज्यादा नहीं बढऩी चाहिए। यदि कंपनियां, अंतत:, ग्राहकों पर बोझ डालती हैं, तो आने वाले दिनों में कारखानों से बन कर निकलने वाली वस्तुओं की महंगाई दर, कई और फीसदी तक, बढ़ सकती है। यदि उत्पादन महंगे होते रहे, तो स्वाभाविक है कि बाजार में मांग घट सकती है, उसका प्रभाव औसत क्रय-शक्ति पर पड़ेगा, नतीजतन देश की अर्थव्यवस्था ही प्रभावित होगी। फिलहाल स्टील, एल्युमीनियम, लोहा आदि की भी महंगाई दर 17 फीसदी से ज्यादा है। ये भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य कारकों में से हैं। चूंकि पश्चिम एशिया में अब भी युद्ध के हालात हैं, होर्मुज स्ट्रेट लगभग बंद है, लिहाजा सप्लाई चेन अवरुद्ध है। यह स्थिति भी महंगाई बढ़ा रही है। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर भी 8.67 फीसदी से बढ़कर 9.24 फीसदी हो गई है। गांवों में यह 11-12 फीसदी से अधिक है। संभवत: आम आदमी चक्रीसदीज् के अर्थशास्त्र को नहीं समझता। आम भाषा में महंगाई बढ़ती जा रही है। आम आदमी का बजट तो सीमित है। जब भी महंगाई उछलती है, तो हम पर्याप्त विश्लेषण करके सरकार को जगाते रहे हैं, लेकिन सरकार के झंडेबरदार धर्म, राम-कृष्ण, 80-20, माफिया, बुलडोजर और 50 करोड़ अत्यधिक गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने की बातें तो दोहराते रहते हैं, लेकिन उन्हें अब महंगाई की चिंता नहीं है। उन्हें तो सब कुछ नि:शुल्क या औने-पौने दाम पर उपलब्ध है, क्योंकि वे देश की सरकार हैं, लेकिन आम आदमी क्या करे? अंतत: यूरोप को भारत में दोहराने की नौबत आ सकती है! महंगाई को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे ताकि गरीब जनता को राहत मिले।

देवोत्थानी एकादशी व तुलसी विवाह

(ज्योतिषाचार्य पं. पुनीत दुबे)



आज देवोत्थानी एकादशी पर विशेष

भगवान विष्णु को जगत का पालनकर्ता बताया जाता है। पृथ्वी पर जब-जब अत्याचारी पैदा हुए, भगवान विष्णु ने अनेक प्रकार के अवतार लेकर उनका संहार किया और धर्म की स्थापना हुई। मीन, कमठ, सूकर, नरहरी, वामन, परशुराम, बपुधरी की धार्मिक आख्याएं सभी जानते हैं। ऐसे में भगवान विष्णु चार महीने के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। माना जाता है कि सामान्य निद्रा में सजगता शून्य के बराबर होती है जबकि योग निद्रा में शरीर विश्राम की स्थिति में होता है लेकिन सजगता बनी रहती है। इससे शारीरिक और मानसिक तनाव दूर होता है। साथ ही अनिद्रा, चिंता और पुराने आघातों को दूर करने में मदद मिलती है। भगवान विष्णु आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को योग निद्रा में लीन होकर-सजगता से अपने दायित्व का निर्वहन भी करते रहते हैं और कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को योग निद्रा को त्याग देते हैं। इस बार देवोत्थानी एकादशी 20 एवं 21 नवम्बर को है लेकिन सूर्योदय कालीन एकादशी 21 नवम्बर को होगी। सामान्य गृहस्थ परम्परा के अनुसार 20 नवम्बर शुक्रवार को ही एकादशी का व्रत रखा जाएगा। उसी दिन परम्परा के अनुसार भगवान शालिग्राम से तुलसी का विवाह किया जाएगा। हिंदू धर्म में कार्तिक मास की एकादशी तिथि को बेहद शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। इस तिथि पर भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं, इसलिए इसे देवउठनी, देवोत्थानी और देवप्रबोधिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को यह पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह की परंपरा भी निभाई जाती है।

मान्यता है कि इसी दिन से मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। हालांकि इस साल एकादशी की तारीख को लेकर लोगों में असमंजस बना हुआ है। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि कुछ लोग 20 नवंबर, तो कुछ 21 नवंबर को पर्व बता रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं इसकी सही तिथि, धार्मिक महत्व और पूजा विधि क्या है। वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 20 नवंबर 2026 को सुबह 7 बजकर 15 मिनट पर शुरू होगी। इसका समापन 21 नवंबर को सुबह 6 बजकर 31 मिनट पर होगा। उदयातिथि और सामान्य गृहस्थ परंपरा के अनुसार, देवउठनी एकादशी का मुख्य व्रत 20 नवंबर को रखा जाएगा। वहीं वैष्णव परंपरा में 21 नवंबर को देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा, इसीलिए पंचांग में दोनों तारीखों का उल्लेख मिल रहा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से योग निद्रा में चले जाते हैं। इसके बाद वह कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी पर चार महीने बाद जागते हैं। इसी कारण इस तिथि को देवउठनी या देवोत्थानी एकादशी कहा जाता है। भगवान विष्णु के जागने के साथ ही चातुर्मास समाप्त हो जाता है। इस अवधि में विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों को टालने की परंपरा रही है। देवउठनी एकादशी के बाद फिर से शादी-विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। इस दिन सुबह स्नान कर घर के मंदिर की साफ-सफाई करें और भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा करें। उन्हें पीले फूल, फल, तुलसी दल और वस्त्र अर्पित करें। इसके बाद घी का दीपक जलाकर विष्णु सहस्त्रनाम या मंत्रों का जाप करें। मां लक्ष्मी की आराधना भी करें। शाम को शंख-घंटियां बजाकर भजन-कीर्तन करें। अंत में आरती कर प्रसाद बांटें।

अनादिकाल से मनाया जाने वाला यह पवित्र मिलन, देवी तुलसी और भगवान विष्णु के कृष्ण अवतार के बीच का पवित्र वैवाहिक मिलन है। इस जोड़े के प्रति पूरे प्रेम और आशीर्वाद के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव एक पूर्ण हिंदू विवाह की तरह ही मनाया जाता है। हिंदी में विवाह का अर्थ है शादी। तुलसी विवाह तुलसी (पवित्र तुलसी) और भगवान कृष्ण का विवाह समारोह है। यह सभी हिंदुओं के लिए विवाह के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है और अन्य हिंदू विवाहों की तरह ही मनाया जाता है, जिसमें दुल्हन (तुलसी का पौधा) के लिए सिंदूर, चूड़ियाँ और साड़ियाँ होती हैं। तुलसी विवाह पूजा में भाग लेने से समृद्धि, सुख और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्राप्त होता है। तुलसी को देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है और इससे संबंधित अनुष्ठान हिंदू कैलेंडर के कार्तिक महीने में होते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, देव उठनी एकादशी के नाम से जाने जाने वाले चंद्र पखवाड़े के ग्यारहवें दिन से विवाह ऋतु की शुरुआत होती है। यह चतुर्मास के चार महीने के उस समय की समाप्ति का प्रतीक है, जब भगवान विष्णु को सोते हुए माना जाता है। तुलसी विवाह हिंदू विवाह की ही तरह मनाया जाता है और इसमें सभी रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है।

इसकी कथा इस प्रकार है- एक समय जलंधर नाम का एक पराक्रमी असुर हुआ। इसका विवाह वृंदा नामक कन्या से हुआ। वृंदा भगवान विष्णु की परम भक्त थी। इसके पतिव्रत धर्म के कारण जलंधर अजेय हो गया था। इसने एक युद्ध में भगवान शिव को भी पराजित कर दिया। अपने अजेय होने पर इसे अभिमान हो गया और स्वर्ग की कन्याओं को परेशान करने लगा। दु:खी होकर सभी देवता भगवान विष्णु की शरण में गए और जलंधर के आतंक को समाप्त करने की प्रार्थना करने लगे।

भगवान विष्णु ने अपनी माया से जलंधर का रूप धारण कर लिया और छल से वृंदा के पतिव्रत धर्म को नष्ट कर दिया। इससे जलंधर की शक्ति क्षीण हो गयी और वह युद्ध में मारा गया। जब वृंदा को भगवान विष्णु के छल का पता चला तो उसने भगवान विष्णु को पत्थर का बन जाने का शाप दे दिया। देवताओं की प्रार्थना पर वृंदा ने अपना शाप वापस ले लिया लेकिन भगवान विष्णु वृंदा के साथ हुए छल के कारण लज्जित थे अत: वृंदा के शाप को जीवित रखने के लिए उन्होंने अपना एक रूप पत्थर रूप में प्रकट किया जो शालिग्राम कहलाया।

भगवान विष्णु को दिया शाप वापस लेने के बाद वृंदा जलंधर के साथ सती हो गई। वृंदा के राख से तुलसी का पौधा निकला। वृंदा की मर्यादा और पवित्रता को बनाए रखने के लिए देवताओं ने भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप का विवाह तुलसी से कराया। इसी घटना को याद रखने के लिए प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी देव प्रबोधनी एकादशी के दिन तुलसी का विवाह शालिग्राम के साथ कराया जाता है। शालिग्राम पत्थर गंडकी नदी से प्राप्त होता है। भगवान विष्णु ने वृंदा से कहा कि तुम अगले जन्म में तुलसी के रूप में प्रकट होगी और लक्ष्मी से भी अधिक मेरी प्रिय रहोगी। तुम्हारा स्थान मेरे शीश पर होगा। मैं तुम्हारे बिना भोजन ग्रहण नहीं करूंगा। यही कारण है कि भगवान विष्णु के प्रसाद में तुलसी अवश्य रखा जाता है। बिना तुलसी के अर्पित किया गया प्रसाद भगवान विष्णु स्वीकार नहीं करते हैं। (हिफी)

विचार सरिता

हँसी के किस्से : सुतली बम का धमाका और हाथ में फुलझड़ी लिए खड़ी चंद्रमुखी

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



दीवाली का त्योहार आया और मोहल्ले में इसकी धूम मच गई। अब चूने से सफेदी करने या इसमें अपनी पसंद का रंग मिलाकर दीवार पोतने का समय गया। गाढ़े डिस्टेंपर पेंटों ने इसकी जगह ले ली है। गलियाँ साफ स्वच्छ, लिपे-पुते, रंगरोगन किए हुए घर और इन घरों के भीतर-बाहर विभिन्न सामग्रियों, बिजली के बल्बों, झालरों से की गई सजावट। श्रीमती रिमझिम के साथ दोपहर से खरीदारी करने निकले कवि कुमार जब सांझ ढलते- ढलते अपने दोनों हाथों में अनेक बड़े-बड़े थैले लेकर मोहल्ले में घुसे, तो चौंक गए। उन्होंने पत्नी जी से कहा,

''कहीं आटो रिक्शा वाला हमें गलत मोहल्ले में तो नहीं ले आया रिमझिम?'' पत्नी ने कहा।

''क्यों, क्या आपके चश्मे का नंबर फिर बढ़ गया है? यह अपनी ही गली है और हम अपने ही घर के पास हैं।''

''नहीं, चश्मा तो ठीक है। मैं इन घरों की लाइटिंग और सजावट देखकर चकित हो गया था कि ये हम कहाँ आ गए हैं?'' कवि कुमार ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा।

पत्नी जी उनकी बात अनसुनी करते हुए आगे बढ़ने लगीं और कवि उनके पीछे-पीछे चलने लगे। कवि समझ गए कि पत्नी जी उनके स्पष्टीकरण से सहमत नहीं हुई हैं और यह पति को ऊँची उड़ान भरने से रोकने का उनका जाना माना तरीका है। सभी घरों के सामने बच्चों में पटाखे फोड़ने की होड़ लगी थी। कवि को ऐसा लगा जैसे बमवर्षा हो रही है और वे हवाई हमलों से बचने के लिए सुरक्षित जगह की खोज में हों।

पत्नी जी ने उन पर तंज कसते हुए कहा,

''इन पटाखों से इतना डर-डरकर चल रहे हैं, पता नहीं वीर रस की कविताएँ कैसे लिख लेते हैं?''

''अब बचके न चलूँ तो क्या करूँ प्रिये? कविताओं में सर्जिकल स्ट्राइक का वर्णन करने का यह अर्थ नहीं है कि मैं भी उन जवानों सा बहादुर हो गया हूँ।'' कवि ने उत्तर दिया।


कवि की बात पर पत्नी जी कोई प्रतिक्रिया दे पातीं, उससे पूर्व ही कवि के पैरों के पास एक बड़ा सुतली बम फूटा। कवि कुछ समझ नहीं पाए और घबराहट तथा क्रोध में चीख उठे-

''किसने किया है ये? अरे भई ! राह चलते लोगों पर पटाखे चलाने का यह कैसा दु:साहस है?''

कवि को कोई उत्तर नहीं मिला, किंतु सुतली बम का धुआँ छंटते ही पार्श्व में चंद्रमुखी की आकृति उभरी। उनके पीछे जलती फुलझड़ियां लेकर बिट्टू और पिंकी हँसते हुए खड़े थे। चंद्रमुखी के हाथ में भी एक फुलझड़ी थी। दीवाली की नई क्रीम कलर की साड़ी में चंद्रमुखी के हाथ में फुलझड़ी देखकर, कवि के कल्पनाशील मन में दीपमालिका लिए स्वर्ग की सबसे सुंदर अप्सरा का बिंब उभरने लगा। अब यह बिंब और स्पष्ट होने से पहले ही अदृश्य हो गया, जब चंद्रमुखी ने मोहक मुस्कान के साथ कहा,

''ओफ्फो जीजू! एक सुतली बम से डर गए। हैप्पी दीवाली।''

अब कवि अपने घर के द्वार तक पहुँच चुके थे।



सामयिक चर्चा

स्वर्गीय बीएनसी मिल की आत्मा प्रसन्न हो जाए

खबर पढ़कर, खुश होकर,
बानी बोले- ''गजाधर!
विष्णुदेव साय केबिनेट की बैठक में
निर्णय लिया गया है
कि हमारे राजनांदगांव में खुलेगा
माध्यमिक शिक्षा मण्डल का दफ्तर।
और खुशी की बात सुनिए गजाधर!
साय केबिनेट बैठक में यह भी निर्णय लिया गया
कि राजनांदगांव में,
बाल सम्प्रेक्षण गृह के लिए
कौरिनभाठा में राजगामी संपदा की
भूमि आबंटित की जाएगी।
गजाधर! इस पर कहिए
आपकी तरफ से क्या प्रतिक्रिया आएगी?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
यह तो अच्छी खुशी की बात है।
पर, हमारी खुशी, यानी खुशी पर खुशी
चक्रवृद्धि खुशी हो जाए
अगर बाट जोहते राजनांदगांव में
रह-रहकर याद आने वाली
बीएनसी मिल की तरह
कोई मिल बन जाए।
फिर जाने यहां के कितने-कितने
बेरोजगारों को काम मिल जाए।
और स्वर्गीय बीएनसी मिल की आत्मा भी
मारे खुशी के प्रसन्न हो जाए।''
(गुरूवार 19 नवम्बर 2026)




-गिरीश बख्शी

शब्द सामर्थ्य -54

(भागवत माह)

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उद्) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, चंदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पतन, पहले का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 53 का हल

पं	कि	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	ब	र	■	■	■	बा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	द
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	यों	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

सू- दोकू क्र. 54

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5


नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 53 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2

राशिफल

मेष



मेष राशि वालों आज अपने काम के लिए आपके मन में नया विचार आ सकता है। आप उस पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं। लेकिन दिन खत्म होते होते आपको ऐसा लग सकता है कि आपका काम पूरा नहीं हो पाया है, जिससे आपको कुछ तनाव महसूस हो सकता है। इसलिए आज काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे।

वृष राशि



वृष राशि वालों आज अपनी मेहनत से आप परिवार की अपेक्षाओं पर खरे उतरने में कामयाब होंगे। आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम में आज आपको सफलता मिल सकती है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। लवमेट के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आप साथ में बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी प्रशंसा कर सकते हैं।

मिथुन



मिथुन राशि वालों आज आपको किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। आपको दूसरों के साथ अपनी निजी बातें साझा करने से बचना चाहिए। आज कोई आपकी आधिकारिक जानकारी लीक कर सकता है। आपको ध्यान से अपना काम करने की जरूरत है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना हाथ बंटा सकते हैं। उचित दिशा में मेहनत करने से आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस राशि के छात्रों को आज बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

कर्क



कर्क राशि वालों आज आपके सोचे हुए सभी काम पूरे हो जाएंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके लिए बहुत सी चीजें आज फायदेमंद हो सकती हैं। आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। विवाहित लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको अपने जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा। काम के लिए आपकी ऊर्जा बनी रहेगी। शिक्षा से जुड़ी आपकी सभी इच्छाएं पूरी होंगी।

सिंह



सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी अधूरे काम को आज शुरू करने से वह जल्द ही पूरा हो सकता है। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में तरक्की के लिए आपको नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करेंगे, तो करियर में उन्नति के अच्छे रास्ते खुल सकते हैं। परिवार वालों के साथ कुछ समय बिताने से रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

कन्या



कन्या राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी से बात करते समय आपको विनम्र स्वभाव अपनाना चाहिए। इससे लोगों पर आपका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। अगर आप ब्लिन्डर हैं, तो आज आपको बहुत सोच-समझकर निवेश करना चाहिए। किसी प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले आपको वर्क प्लान तैयार करना चाहिए। इससे आपको काम में फायदा मिलेगा।

तुला



तुला राशि वालों आज आपका बद्ध हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलाएगा। आपका दिन बेहतर रहेगा। माता पिता के सहयोग से कारोबार के क्षेत्र में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजक कार्य करने का मौका मिल सकता है। बच्चे आपके साथ गेम खेलने की जिद कर सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कामयाबी हासिल होगी।

वृश्चिक



वृश्चिक राशि वालों आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। आपको अपना ध्यान लक्ष्य पर बनाए रखना चाहिए। किसी की मदद मिलने से आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। सेहत के मामले में दिन अच्छा रहेगा। संतान की ओर से सुख मिलेगा।

धनु



धनु राशि वालों आज कामकाज के मामले में परिस्थितियां बेहतर रहेंगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। इससे आपके रिश्तों की मजबूती बनी रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी कामों में उनका सहयोग भी मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम के लिए शिक्षक आपके साथ खड़े रहेंगे।

मकर



मकर राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। माता-पिता की सेहत में सुधार होगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ बहस करने से आपको बचना चाहिए।

कुंभ



कुंभ राशि वालों आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिला सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग प्रभावित होंगे। आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे। वैवाहिक जीवन के लिए परिस्थितियां अधिक अनुकूल रहेंगी।

मीन



कुंभ राशि वालों आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपको किस्मत का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिला सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग प्रभावित होंगे। आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे।

कविता

चलव लुयेल जाबोन धान

तीन हाथ के पटका पहिरे, मुड़ी म बांधे फरिया।
कमा कमा के तन ह परगे करिया।
तब तो कहिथे छत्तीसगढ़िया।
हमर चटनी बासी बढ़िया।
खेती ले जिन्दगानी हमर, खेती म बसे परान,
चलव लुयेल जाबोन धान।।
तरिया तीर म बसे हे बस्ती, बुड़ती बाजू बंजर।
मया पिरित अऊ मीत मितानी संग, रहिथन वोकरे अंदर।
उही अंगना उही म परछी, उही म सास बहुरिया।
हमर रेहे के घर ल देखव, नान नान छितका कुरिया।
बड़े बिहनिया पशु के डेरा, खेरखा अऊ दैहान,
चलव लुयेल जाबोन धान।।
सत्यरूपी सफरी धान अऊ मन हे मुर्दरिया धान।
कहु बोथे महमाती धान, बड़ गुनमान गुरमतिया धान।
चल संगी जुरमिल के कमाबोन, पथरा म पानी ओगराबोन।
बेरा घलो पंगपगा हावे,
सुरूज देवता ल सोरियाबोन।
बूता करय बर नई ढेरियावन,
संझा अऊ बिहान,
चलव लुयेल जाबोन धान।।
हमला कहिथे जी, भुईया के भगवान।



आनंदराम सार्वा अनंत
कु.बो.भाठागांव

राजनांदगांव को मिली 1.50 करोड़ की सौगात : 5 पंचायतों में बनेंगे महतारी सदन, जिपं अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा व किरण वैष्णव की पहल से मिली स्वीकृति, प्रति भवन 30 लाख रुपये मंजूर

छुरिया (दावा)। ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने की दिशा में राजनांदगांव जिले को एक बड़ी सौगात मिली है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले की पांच ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण के लिए कुल 1 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

प्रत्येक भवन के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव व सांसद संतोष पांडेय के प्रयासों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव की सक्रिय पहल रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नवा रायपुर स्थित उपमुख्यमंत्री निवास में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत तथा ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा से



सौजन्य मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया।

इन पांच स्थानों पर होगा महतारी सदन का निर्माण

पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राजनांदगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत पनेका, अंजोरा, भरेंगांव, खैरा (र) तथा छुरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत लालूटोला के आश्रित ग्राम बापूटोला में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। विशेष रूप से ग्राम बापूटोला में महतारी सदन की स्वीकृति जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव के विशेष प्रयासों का परिणाम है। जिसके लिए उन्होंने उपमुख्यमंत्री के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्व-सहायता समूहों की बैठकों और प्रशिक्षण के लिए मिलेगा स्थायी केंद्र

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक सामुदायिक केंद्र साबित होगा। यहां महिला स्व-सहायता समूहों की बैठकें, कौशल विकास प्रशिक्षण, सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन और जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा सकेंगे।

उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही विकसित समाज की मजबूत आधारशिला है और ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

गांजा तस्करी करते डोंगरगढ़ के दो युवक गिरफ्तार, 2.50 लाख का मशरूका जप्त

खैरागढ़ (दावा)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाते हुए थाना खैरागढ़ पुलिस ने डोंगरगढ़ के दो युवकों को लाखों रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4.210 किलोग्राम गांजा, एक स्कूटी और दो मोबाइल सहित कुल 2 लाख 50 हजार रुपये का मशरूका जप्त किया है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक भूरे रंग की स्कूटी (क्रमांक सीजी 07-एलवी-5782) में सवार दो व्यक्ति डोंगरगढ़ की ओर से डारा-भंडारपुर होते हुए खैरागढ़ की तरफ गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और थाना खैरागढ़ से एक विशेष टीम गठित कर ग्राम अमलीडीह के पास नाकाबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की गई। चेकिंग के दौरान मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार आती हुई संदिग्ध स्कूटी को रोका गया। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम युवराज साहू पिता धनुक राम साहू (31 वर्ष) तथा पीछे बैठे युवक ने अपना नाम पुखेन्द्र साहू पिता पुष्पेन्द्र साहू (18 वर्ष) बताया। दोनों आरोपी ग्राम सिवनी कला, थाना मोहारा, डोंगरगढ़ के निवासी हैं।

डिक्की और सीट के नीचे छिपाए थे 4 पैकेट

पुलिस टीम ने दोनों संदेहियों को धारा 50 एनडीपीएस एक्ट का नोटिस देकर उनकी व स्कूटी की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की और सीट के नीचे छिपाकर रखे गए कुल 4 पैकेटों में 4.210 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से 2 लाख 20 हजार रुपये कीमती गांजा, 30 हजार रुपये कीमती स्कूटी और दो नग मोबाइल फोन सहित कुल 2.50 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की है।

मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में अपराध क्रमांक 426/2026, धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

श्री कृष्ण गौशाला में गोपाष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने पाई अन्नकूट महाप्रसादी

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्म, सेवा और सामाजिक एकता की अनुपम परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्री कृष्ण गौशाला पिंजरापोल कमेटी द्वारा गोपाष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित अन्नकूट महाप्रसादी में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से शुरू हुआ भक्तों के आने का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। गोपाष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण एवं गौमाता की विधिवत पूजा-अर्चना कर भोग अर्पित किया गया, जिसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण प्रारंभ हुआ। समिति के अध्यक्ष गोविंद चोपड़ा एवं मंत्री श्रेयस भैया ने बताया कि वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा यह उत्सव नगर की सामाजिक एकता और सद्भाव की सशक्त मिसाल है। इसमें मारवाड़ी समाज (अग्रवाल, ओसवाल, माहेश्वरी) सहित नगर के सभी समाजों के नागरिकों का सक्रिय सहयोग रहता है।



सभी समाजों की सक्रिय सहभागिता से साकार हुआ भव्य आयोजन, सुबह से दोपहर तक मंदिर परिसर में जुटी भीड़

ऐतिहासिक विरासत और प्राचीन प्रतिमाओं के प्रति अटूट आस्था

वरिष्ठजन सुनील तापड़िया, विजय चौरड़िया एवं सोनू नरेडी ने बताया कि श्री कृष्ण गौशाला डोंगरगढ़ की गौरवशाली आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। जो प्राचीन काल से संत-महात्माओं की तपस्या स्थली रही है। वहीं, वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश छाजेड़, गणेश नरेडी एवं राजेश भूत ने बताया कि परिसर स्थित मंदिर में दक्षिणमुखी हनुमान जी एवं भगवान लक्ष्मीनारायण की प्राचीन प्रतिमाएं विराजित हैं। मन्नतें पूर्ण होने पर श्रद्धालु यहां विशेष पूजा-अर्चना और प्रसादी का आयोजन करवाते हैं।

प्रकाश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, गोपी दम्माणी, मनीष दरगड़ एवं विनय बंसल ने बताया कि मंदिर में महाप्रसादी पूरी तरह निःशुल्क रहती है। इसके साथ ही समिति द्वारा एक सराहनीय पहल के तहत उन श्रद्धालुओं का भी ध्यान रखा जाता है, जो अस्वस्थता या असमर्थता के कारण मंदिर नहीं आ पाते। ऐसे श्रद्धालुओं के घर तक टिफिन के माध्यम से प्रसादी पहुंचाई जाती है। इसी कड़ी में अस्वस्थ होने के कारण आयोजन में शामिल न हो सके समिति के सदस्य मनमोहन अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर प्रसादी भेंट की गई। जिस पर उन्होंने समिति की सेवा भावना की सराहना की। अंत में समिति ने आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी समाजों, दानदाताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

लंबित डीए और एरियर्स की मांग पर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली बाईक रैली, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन (ब्लॉक इकाई छुरिया) के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने लंबित महंगाई भत्ते (डीए) और एरियर्स सहित अन्य मांगों को लेकर बुधवार 18 नवंबर को प्रदर्शन किया। शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू की अगुवाई तथा ब्लॉक संयोजक यशवंत नेताम के नेतृत्व में कर्मचारियों ने स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय से तहसील ऑफिस तक मोटरसाइकिल रैली निकाली और तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि फेडरेशन के प्रदेशव्यापी आह्वान पर राज्य के सभी 33 जिला और 146 विकासखंड मुख्यालयों में एक साथ ज्ञापन सौंपने का अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में छुरिया ब्लॉक मुख्यालय में भी कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद की। इसके साथ ही फेडरेशन ने प्रदेश में जारी पटवारियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए राज्य सरकार से उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित समाधान निकालने का आग्रह किया।



० पटवारियों की हड़ताल का किया समर्थन, मांगों पर शीघ्र समाधान निकालने की अपील
० प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत छुरिया में जनपद कार्यालय से तहसील ऑफिस तक हुआ प्रदर्शन

केंद्र के समान महंगाई भत्ता और एरियर्स देने की मांग

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि किए जाने के बाद राज्य के कर्मचारियों का डीए भी बढ़ाया जाना था, लेकिन यह अब तक लंबित है। फेडरेशन ने मांग की है कि राज्य के समस्त कर्मचारियों को केंद्र के समान लंबित महंगाई भत्ता और संपूर्ण एरियर्स राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए।

0120 से अधिक संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है फेडरेशन

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रदेश का सबसे बड़ा कर्मचारी मंच है। जिसमें राज्य के 120 से अधिक संगठन शामिल हैं। इस मंच में डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, बीईओ, डीईओ, शिक्षक, लेखापाल, कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारी से लेकर बिजली, पशुपालन, सांख्यिकी, जनपद पंचायत, तहसील, न्यायालय, शिक्षा व स्वास्थ्य सहित तमाम विभागों के अधिकारी-कर्मचारी जुड़े हुए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेंद्र लाडेकर, नरेंद्र तिवारी, विकास गुप्ता, सुनील देवांगन, मोहित राम साहू, हेमलाल सहारे, जागेश्वर साहू एवं फगुवा राम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

केसीजी पुलिस ने 14 राजसात वाहनों की की ऑनलाइन नीलामी, 1.70 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (केसीजी) पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों (एनडीपीएस एक्ट), आबकारी एक्ट, जुआ-सट्टा एवं पशु तस्करी के प्रकरणों में जप्त व राजसात किए गए 14 वाहनों की ऑनलाइन नीलामी की गई। न्यायालय के आदेशानुसार एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से आयोजित इस नीलामी प्रक्रिया में पंजीकृत खरीदारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पुलिस प्रशासन को कुल 1 लाख 70 हजार रुपये (1,70,000/-) की नीलामी राशि प्राप्त हुई।

एनडीपीएस, आबकारी और पशु तस्करी के प्रकरणों में जप्त 12 बाइक व 2 बड़े वाहन हुए नीलाम

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नीलाम किए गए वाहनों में 12 मोटरसाइकिल और 2 बड़े वाहन शामिल हैं। थानावार विवरण के तहत इसमें थाना खैरागढ़ के 5, थाना गंडाई के 7, थाना छुईखदान के 1 तथा थाना मोहगांव के 1 प्रकरण से संबंधित वाहन शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि केसीजी जिले में इस प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 45 राजसात वाहनों की नीलामी की जा चुकी है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि राजसात किए गए अन्य वाहनों की नीलामी की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय समारोह : जनजातीय नायकों के शौर्य और बलिदान को किया नमन

खैरागढ़ (दावा)। जनजातीय गौरव सप्ताह के समापन अवसर पर बुधवार को स्थानीय स्व. लाल दिलीप सिंह स्मृति मंगल भवन में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में भगवान बिरसा मुंडा सहित जनजातीय नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उनके शौर्य व बलिदान को नमन किया गया। समारोह में जनजातीय समाज के प्रमुखों का सम्मान किया गया। वहीं जनजातीय नर्तक दलों और छात्रावासी छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम से पूर्व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने धरती आबा बिरसा मुंडा एवं छत्तीसगढ़ के वीर जनजातीय नायकों के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि वनांचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और हर परिवार को समय पर इलाज मिलना हमारी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पीएम-जनमन योजना, तेंदूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक में वृद्धि, देवगुड़ियों के निर्माण और दूरस्थ ग्रामों तक बुनियादी सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने जिले में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्वीकृति की अपेक्षा भी जताई। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हिरदे गोंड़ के पौत्र संतोष नेताम का विशेष सम्मान किया गया।



जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह रहे मुख्य अतिथि, प्रदर्शनी के जरिए पीएम-जनमन योजनाओं की दी गई जानकारी

नई पीढ़ी को नायकों के संघर्ष से परिचित कराना जरूरी : गिरजा चंद्राकर

नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है। अपनी भूमि, संस्कृत और स्वाभिमान की रक्षा के लिए किए गए उनके संघर्ष से नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है।

बैगा बस्तियों तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत जिले की दूरस्थ बैगा बस्तियों के पात्र परिवारों तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। बस्तियों में जरूरत के अनुसार आवास, पेयजल, बिजली और सड़क संपर्क के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व आजीविका की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि वंचित गांवों में नए आंगनबाड़ी केंद्र और बहुउद्देशीय केंद्र खोले गए हैं। दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों की पढ़ाई के लिए नए छात्रावास बन रहे हैं। वहीं दो मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में ही स्वास्थ्य जांच व दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्रदर्शनी में दिखी पारंपरिक विरासत की झलक

कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई जनजातीय गौरव प्रदर्शनी में नायकों के जीवन संघर्ष के साथ-साथ पारंपरिक आभूषण, वेशभूषा और कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। अंत में आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जनपद उपाध्यक्ष खैरागढ़ लखन साहू, जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, घम्मन साहू, विकेश गुप्ता, भुनेश्वरी देवांगन, नंद चंद्राकर, बैगा विकास प्रकोष्ठ अध्यक्ष जीवन मेरावी, सुमित टांडिया, पुष्पा सिंदुर, पन्ना मंडावी, जीवन मरकाम, संतराम छेदेया, रामजी सिरदार एवं बहादुर सिंह खुसरो सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुख व नागरिक उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ की जूनियर बालक-बालिका खो-खो टीम नेशनल चैंपियनशिप के लिए गुजरात रवाना



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो-खो ऐसोसिएशन के द्वारा चयनित, छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका खो खो टीम बडौदरा गुजरात में आयोजित 45वीं जूनियर बालक बालिका नेशनल खो खो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए 19 नवम्बर गुरुवार को अमृत भारत एक्सप्रेस से रवाना हुए हैं। जूनियर वर्ग के बालक बालिकाओं का राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता दिनाँक 21 से 25 नवम्बर 2026 तक पारुल यूनिवर्सिटी बडौदरा गुजरात में खो-खो एसोसिएशन ऑफ गुजरात एवं खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है।मिली जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को ग्राम पाऊवारा जिला दुर्ग में छत्तीसग? राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिकाओं की, सलेक्सन ट्रॉयल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य भर से लगभग 5 सौ बालक बालिकाओं कोच, मैनेजर चयनकर्ताओं ने हिस्सा लिया और तीन ग्राउण्ड में चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर 40 बालक और 40 बालिकाओं का चयन किया। इसके बाद पुनः 13 नवम्बर को इन चयनित बालक बालिकाओं का ट्रॉयल आयोजित कर सर्वश्रेष्ठ 30बालक और 30 बालिकाओं का कोचिंग कैम्प 14 से 18 नवम्बर तक आयोजित किया गया। कोच जफर सिद्धाकि (रेल्वे), नरेश यादव (रेल्वे), भीमराज तारक,(रायपुर), पवन मानिकपुरी(दुर्ग), सुमन साहू(दुर्ग), बुधनी कश्यप (जगदलपुर), सी.एस. जगदीश(रेल्वे), उमेश निर्मलकर पीटीआई, (दुर्ग), भुनेश्वर साहू (दुर्ग), भारत कोटेलकर, (राजनांदगांव), समृद्धि यादव, (बलौदाबाजार), प्रीति पटेल, (राजनांदगांव), खिलेश्वर कुमार(राजनांदगांव), विक्रांत शुक्ला, समीर शुक्ला, दमेश कुमार, सोनू साहू, धनेंद्र, विकास, प्रदीप, गितांशु, सजना साहू, उमा साहू, राहुल, गौरव के मार्गदर्शन व देख-रेख में प्रशिक्षण शिविर सपन्न किया गया। कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षकों और चयनकर्ताओं ने मिल कर छत्तीसगढ़ राज्य की प्रतिनिधित्व करने के लिए बेस्ट 15,बालक और15 बालिकाओं का चयन, नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी खिलाड़ियों प्रशिक्षको के लिए, आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, ग्राउण्ड व्यवस्था, स्पोर्ट्स क्लब, समस्त ग्रामीणजन, पंचायत प्रतिनिधिगण, ग्राम पाऊवारा के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में एक बहुत ही रोमाँचक प्रदर्शन मैच खेला गया.

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। आगे जानकारी देते हुए तरुण शुक्ला ने बताया कि आगामी दिसम्बर माह में ग्राम मंदरौद विकासखण्ड कुरूद जिला धमतरी में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर महिला व पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन एवं ग्राम केसाल विकासखण्ड छुरिया में सब जूनियर बालक बालिका खो-खो प्रतियोगिता का ग्राम पहन्दा विकासखण्ड पाटन जिला दुर्ग में छत्तीसगढ़ खो खो लीग सीजन 02 का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

बडौदरा गुजरात जाने वाले छत्तीसगढ़ राज्य की जूनियर बालक बालिका टीम- बालक टीम में प्रकाश यादव, सत्यम कुमार, डालेंद्र, शशांक, चुम्मन, मिथलेश, उमंग, दीपांशु, मोहित, योगेंद्र, समुयल, वेदप्रकाश, इशकुमार, हिमांशु, देवधर हैं इसी प्रकार बालिका टीम में मोनिका, डॉली यादव, वंशिका, आनदिता, भूमकी, शालनी, ममता, तनुजा, उर्मिला, दिव्या, हिना यादव, रागानी, डिम्पल, भूमिका, डॉली ठाकुर का चयन किया गया है।

नीरज विद्या मंदिर के नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण, ज्ञानी जी ने बताए सिख धर्म के संस्कार



डोंगरगांव (दावा)। नीरज विद्या मंदिर, डोंगरगांव के नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने मंगलवार को तुमड़ीबोड स्थित गुरुद्वारा बंदी छो? पातशाही में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को सिख धर्म, सेवा भावना और गुरुद्वारा की परंपराओं से परिचित कराना था।

भ्रमण के दौरान गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह ताज ने बच्चों को ब? ही सरल और रोचक ढंग से सिख धर्म के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को बताया कि सिख धर्म में सेवा, सच्चाई, मेहनत और सभी धर्मों का सम्मान सबसे बड़ा धर्म है।

बच्चों ने गुरुद्वारा में मत्था टेका और अरदास में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों को पोहा और बिस्किट की सेवा भी की गई। छोटे-छोटे बच्चों ने बड़े ही अनुशासन और उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

भ्रमण में विद्यालय के प्राचार्य जिवेश द्विवेदी के नेतृत्व में वाजपयी मैम, राम सिन्हा, नूरजहां, सोनिका, आशा साहू, पूजा शाह, नीलम कोडापे सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों को गुरुद्वारा के नियम, साफ-सफाई और शांति बनाए रखने के बारे में भी समझाया।

प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और सर्वधर्म समभाव की भावना विकसित होती है। भ्रमण के बाद बच्चे खुशी-खुशी विद्यालय लौटे। अभिभावकों ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला, पहले दिन 243/5 की साझेदारी



नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला आज से वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व स्टेडियम में खेला गया, जिसमें भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था।

इसके बाद पहले दिन का खेल खत्म होने पर मेजबान न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 243 रनों का स्कोर बना लिया था। न्यूजीलैंड ने एक समय 70 के स्कोर पर अपनी आधी टीम गंवा दी थी, जिसके बाद हेनरी निकोल्स और ग्लेन फिलिप्स ने मिलकर छठे विकेट के लिए 173 रनों की साझेदारी करने के साथ अपनी टीम को मुकाबले में वापसी कराने में कामयाबी हासिल की। दिन का खेल खत्म होने पर निकोल्स 113 और ग्लेन फिलिप्स 94 रन बनाकर नाबाद थे। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने वेलिंग्टन की पिच को ध्यान में रखते हुए टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लेने में बिल्कुल भी देरी नहीं लगाई। टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में कीवी कप्तान टॉम लैथम का विकेट हासिल करने के साथ गिल के फैसले को भी सही साबित किया। इसके बाद डीवोन कॉन्वे भी सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि इसके बाद रचिन रवींद्र 15 और डेरिल मिचेल भी एक रन बनाकर पहले ही सेशन में पवेलियन लौट गए थे, जिसमें पहले सेशन का खेल खत्म होने पर न्यूजीलैंड ने 60 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। वेलिंग्टन टेस्ट में पहले दिन के दूसरे सेशन के खेल की शुरुआत होने के साथ भारतीय गेंदबाजों ने आगाज काफी अच्छा किया जिसमें बुमराह ने टॉस ब्लंडल के रूप में अपना तीसरा विकेट लिया और 70 के स्कोर पर न्यूजीलैंड की आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। यहां से बल्लेबाजी करने उतरे ग्लेन फिलिप्स जिनका लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट में शानदार फॉर्म देखने को मिला था उन्होंने हेनरी निकोल्स के साथ मिलकर पारी को न सिर्फ संभाला बल्कि स्कोर को भी तेजी के साथ बढ़ाया जिससे भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बना और दूसरे सेशन का खेल खत्म होने पर कीवी टीम ने न्यूजीलैंड ने 5 विकेट के नुकसान पर 140 रन बना लिए थे।

9 मैच में 106 'नो-बॉल', पाकिस्तान ने बनाया शर्मनाक 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'



नई दिल्ली। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट रावलपिंडी में खेला जा रहा है. तीसरे दिन तक पाकिस्तानी गेंदबाजों की तरफ से काफी 'नो-बॉल' देखने को मिली हैं. यह पाकिस्तान के लिए सिर्फ इस टेस्ट की कहानी नहीं है, बल्कि इस साल में पाक गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा नो-बॉल फेंकने के मामले में खुद को नंबर-1 पर रखा है. 9 टेस्ट में पाकिस्तान की तरफ से 106 नो-बॉल फेंकी जा चुकी हैं.

इसके साथ पाकिस्तान के नाम एक साल में टेस्ट में सबसे ज्यादा नो-बॉल फेंकने का शर्मनाक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. लिस्ट में बांग्लादेश की टीम 54 नो-बॉल के साथ दूसरे पायदान पर है. पहले और दूसरे नंबर की टीमों के बीच तकरीबन दोगुने का फर्क है. यह आंकड़ा वाकई पाकिस्तानी गेंदबाजी पर सवाल खड़े करता है.

पहली पारी में दमदार रही गेंदबाजी

श्रीलंका टेस्ट में पाकिस्तान के गेंदबाजों ने भले नो-बॉल फेंकी हो, लेकिन उनकी गेंदबाजी जबरदस्त रही. श्रीलंका को पाकिस्तान ने पहली पारी में 98 रन पर ऑलआउट कर दिया था. टीम के लिए मोहम्मद अब्बास, रजाउल्लाह और आमेर जमाल ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए. बाकी एक सफलता साकिब खान को मिली. इसके जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 325/10 रन बनाए और 227 रन की बढ़त हासिल की. टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी घोरी ने 4 चौकों की मदद से 54 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली. इसके अलावा ओपनर अजान औवेस ने 47 रन और तैयब आरिफ ने 46 रन बनाए. दोनों की पारियों में 6-6 चौके शामिल रहे.

ड्रॉ रहा था पहला टेस्ट

दो मैचों की टेस्ट सीरज का पहला मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था. लिहाजा दूसरा मैच जीतने वाली सीरीज पर कब्जा कर लेगी. अब देखना दिलचस्प होगा कि मैच का नतीजा क्या निकलता है. इससे पहले दोनों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली गई थी, जिसमें पाकिस्तान ने 2-1 से जीत अपने खाते में डाली थी.

डेढ़ साल से लापता हरियाणा का युवक नांदगांव में मिला



मानवता की मिसाल पेश कर परिजनों से मिलवाया

राजनांदगांव(दावा)। विगत डेढ़ साल से अपने घर से लापता हरियाणा के एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को स्थानीय युवक की मानवता और सिटी कोतवाली पुलिस की सक्रियता से उसके परिजनों से मिलवाया गया है। सुरक्षित अपने बड़े भाई को पाकर हरियाणा से पहुंचे छोटे भाई ने कोतवाली पुलिस और मददगार युवक का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 नवंबर को बल्देवबाग निवासी सोहेल खान पिता जमीलुद्दीन खान ने थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर सूचना दी कि विगत तीन दिनों से पारीनाला दरगाह के पास एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति भटक रहा है। सोहेल खान ने मानवता का परिचय देते हुए पहले उसे भोजन-नाश्ता कराया और नाम-पता पूछा। पूछताछ में युवक ने अपना नाम त्रिलोक बनवाला पिता सतवीर सिंह जाट (38 वर्ष) निवासी ग्राम सिंगवाल, तहसील नरवाना, जिला जींद (हरियाणा) बताया गया। इसके पश्चात सोहेल खान ने सूझबूझ दिखाते हुए इंटरनेट मैप के माध्यम से हरियाणा के ग्राम सिंगवाल के एक कपड़ा व्यवसायी का संपर्क नंबर निकाला और व्हाट्सएप पर युवक की तस्वीर भेजी। तस्वीर के माध्यम से युवक की पहचान होने पर उसके छोटे भाई विरेन्द्र सिंह जाट को फोन कर राजनांदगांव का पता दिया गया। सूचना मिलते ही छोटा भाई विरेन्द्र सिंह जाट हरियाणा से राजनांदगांव पहुंचा। उसने बताया कि त्रिलोक मानसिक रूप से अस्वस्थ है और करीब डेढ़ साल पहले बिना बताए घर से निकल गया था (इससे पहले भी वह एक बार घर छोड़कर गया था और छह माह बाद लौटा था)। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूरी कर त्रिलोक बनवाला को सकुशल उसके छोटे भाई विरेन्द्र सिंह के सुपुर्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि बल्देवबाग निवासी सोहेल खान इससे पूर्व भी ऐसे 11 से 12 भटके हुए व्यक्तियों की मदद कर उन्हें उनके परिजनों से मिलवा चुके हैं। समाज के प्रति उनका यह सेवाभाव और संवेदनशीलता क्षेत्र में चर्चा और प्रशंसा का विषय बनी हुई है।

खैरागढ़ में निजी सीबीएसई स्कूल और मल्टीप्लेक्स-मिनी मॉल के लिए निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित



- दोनों परियोजनाओं के लिए न्यूनतम 5-5 करोड़ रुपये का निवेश अनिवार्य, 6 दिसंबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन
- जिले में शिक्षा, मनोरंजन और व्यापार की आधुनिक सुविधाओं का होगा विस्तार

खैरागढ़ (दावा)। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले में निजी सीबीएसई विद्यालय और मल्टीप्लेक्स सहित मिनी-मॉल की स्थापना के लिए निजी निवेशकों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है। इसका उद्देश्य जिले में शिक्षा, मनोरंजन और व्यापार की सुविधाओं का विस्तार करना तथा निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है।

इच्छुक निवेशक 6 दिसंबर तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। https://invest. cg.gov.in/ निजी विद्यालय की स्थापना के लिए न्यूनतम 5 करोड़ रुपये का निवेश, कक्षा पहली से बारहवीं तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की मान्यता और कम से कम 500 विद्यार्थियों की क्षमता अनिवार्य है। विद्यालय में पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, छात्रावास और खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। मल्टीप्लेक्स सहित मिनी-मॉल की स्थापना के लिए भी न्यूनतम 5 करोड़ रुपये का निवेश आवश्यक है। मिनी-मॉल का कारपेट एरिया 8,000 वर्गफीट से अधिक होना चाहिए। मल्टीप्लेक्स में कम से कम दो स्क्रीन होनी चाहिए और प्रत्येक स्क्रीन के लिए न्यूनतम 100 सीटों की व्यवस्था अनिवार्य है। मिनी-मॉल में कम से कम पांच रिटेल स्टोर भी होने चाहिए। आवेदन संबंधी जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए निवेशक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, भूतल, गीता कॉम्प्लेक्स, साईं मंदिर के पास, कवर्धा रोड, खैरागढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

नेहरू पीजी कॉलेज में 'संविधान एवं मानवाधिकार' पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



42 विद्यार्थियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, सीमा साहू ने हासिल किया प्रथम स्थान

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 'भारत का संविधान एवं मानवाधिकार' विषय पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मूल्यों, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा उनमें संवैधानिक समझ विकसित करना था। इसमें महाविद्यालय के कुल 42 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्पर्धा में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीनों स्थानों पर कब्जा जमाया। जिसमें प्रथम स्थान सीमा साहू (एम.ए. राजनीति विज्ञान, प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान लिलिमा मरकाम (एम.ए. इतिहास, प्रथम सेमेस्टर) एवं तृतीय स्थान आशु सिन्हा (एम.ए. हिंदी साहित्य, प्रथम सेमेस्टर) आदि है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने विजेता छात्राओं सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाली ये तीनों छात्राएं आगामी 26 नवंबर को सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित होने वाली अंतरमहाविद्यालयीन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

नशामुक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम - किशोर माहेश्वरी

स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता व नशामुक्ति का संदेश



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सत्यानंद योग आश्रम में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन नशामुक्त भारत के लिए युवा विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब), महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी ने स्वयंसेवकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री माहेश्वरी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति को ही खोखला नहीं करता, बल्कि उसके चरित्र, विवेक और पूरे सामाजिक जीवन को नष्ट कर देता है। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि घरेलू हिंसा तथा महिला एवं बाल अपराधों के पीछे नशा एक प्रमुख कारण है। नशे की गिरफ्त में आया व्यक्ति अपने परिवार और बच्चों के भविष्य की भी उपेक्षा करने लगता है। उन्होंने एनएसएस, एनसीसी और स्काउट-गाइड के स्वयंसेवकों को राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक एवं समाज का सच्चा सेवक बताते हुए समाज को नशामुक्त बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

श्री माहेश्वरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर को व्यक्तित्व विकास की कार्यशाला निरूपित किया। उन्होंने ड्रिंक एंड ड्राइव के जानलेवा परिणामों से युवाओं को आगाह किया और कहा कि बड़ों को नशा करते देख बच्चे भी इसकी ओर आकर्षित होते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान और गुटखा-पाउच के सेवन को स्वच्छता अभियान पर ग्रहण बताते हुए उन्होंने स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क के लिए कुसंगति का त्याग कर योग, व्यायाम और खेलकूद को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री पांडे ने भी युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कौशल विकास करने और नशामुक्ति अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान से पूर्व शिविरार्थियों ने क्षेत्र में नशामुक्ति एवं स्वच्छता रैली निकालकर आम नागरिकों को नशे से दूर रहने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.आर. कन्नौजे के निर्देशन में आयोजित इस सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय के 50 से अधिक छात्र-छात्राएं सहभागिता कर रहे हैं।

पीएम मोदी का कारोबारियों को संदेशः किसानों...

लगभग 140 करोड़ लोगों की आबादी कंपनियों के लिए बड़ा अवसर है। लेकिन कारोबारियों को केवल देश के ग्राहकों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्हें विदेशी बाजारों में भी अपने प्रोडक्ट बेचने की तैयारी करनी चाहिए। इसके लिए कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार की जरूरतों को अच्छी तरह समझना होगा। अलग-अलग देशों में ग्राहकों की पसंद और खरीदने का तरीका बदलता रहता है। ऐसे में कंपनियों को अपने प्रोडक्ट उसी हिसाब से तैयार करने होंगे। इससे भारतीय कंपनियों को ग्लोबल मार्केट में नई पहचान बनाने में मदद मिलेगी।

0 भारतीय ग्राहकों को भी मिलनी चाहिए एक्सपोर्ट जैसी क्वालिटीः पीएम मोदी ने कंपनियों की उत्पाद गुणवत्ता को लेकर भी अहम बात रखी। उनका संदेश है कि भारतीय ग्राहकों को भी अच्छी क्वालिटी मिलनी चाहिए। कुछ कंपनियां विदेशी बाजारों के लिए बेहतर सामान तैयार करती हैं। वहीं घरेलू ग्राहकों के लिए अपेक्षाकृत कम गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराती हैं। कारोबारियों को इस तरह की सोच बदलने की जरूरत है। भारतीय ग्राहक भी बेहतर सामान खरीदने और इस्तेमाल करने का अधिकार रखते हैं। कंपनियों को हर बाजार में गुणवत्ता का एक जैसा स्तर बनाए रखना चाहिए। इससे ग्राहकों का भरोसा बढ़ेगा और भारतीय ब्रांड मजबूत बनेंगे।

0 ग्लोबल मार्केट में भारतीय कंपनियों के लिए बड़े अवसरः आज भारतीय कंपनियों के सामने अंतरराष्ट्रीय बाजार में विस्तार करने के कई अवसर हैं। लेकिन इन अवसरों का फायदा उठाने के लिए बेहतर रणनीति बनानी होगी। कंपनियों को अपने प्रोडक्ट की पैकेजिंग, डिजाइन और गुणवत्ता सुधारनी होगी। इसके साथ विदेशी ग्राहकों की जरूरतों को भी प्राथमिकता देनी होगी। भारत के छोटे कारोबारियों के लिए भी निर्यात का रास्ता खुल सकता है। इसके लिए उन्हें आधुनिक तकनीक और बाजार की जानकारी हासिल करनी होगी। सरकार की नीतियों और कारोबारियों की मेहनत से यह संभव हो सकता है। इससे देश के निर्यात और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

0 सरकार कारोबारियों के सुझावों पर करेगी विचारः प्रधानमंत्री ने कारोबारियों से अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखने की अपील की। उनका कहना है कि सरकार लगातार आर्थिक सुधारों की दिशा में काम कर रही है। कारोबारियों के सुझावों से नीतियों को ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है। इससे उद्योगों को आने वाली परेशानियों को समझने में भी मदद मिलेगी। सरकार और कारोबारियों के बीच बेहतर तालमेल आर्थिक विकास के लिए जरूरी है। छोटे उद्योगों को आसान नियम और बेहतर सुविधाएं मिलने से फायदा होगा। कारोबारियों को भी रोजगार और निवेश बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। इस तरह देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

ट्रंप-पुतिन-जिनपिंग की बैठक संपन्न...

सीधे संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, अक्सर पिछले नेता उन देशों से बात करने से बचते थे, जिनके साथ उनके मतभेद थे। हम इसके उलट सोचते हैं। हम एक अलग रास्ता चुन रहे हैं। ट्रंप के अनुसार, ऐतिहासिक शिखर बैठक से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर नए अवसर और समाधान तलाशने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि तीनों देशों के बीच बातचीत से दुनिया के लिए बेहतर और सुरक्षित भविष्य बनाने में मदद मिल सकती है।

0 परमाणु हथियार कम करने पर ट्रंप का जोर, बोले- छोड़ना आसान नहींः बैठक में परमाणु हथियारों का मुद्दा सबसे अहम रहा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, रूस और चीन के पास दुनिया में परमाणु हथियारों की संख्या कम करने और इनके इस्तेमाल का खतरा घटाने के लिए मिलकर काम करने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों की ताकत इतनी ज्यादा है कि उसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। हालांकि, ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि किसी देश के लिए अपने परमाणु हथियार छोड़ना बेहद मुश्किल फैसला होता है। ट्रंप ने कहा, एक बार आपके पास परमाणु हथियार आ जाएं तो उन्हें छोड़ना बहुत मुश्किल होता है। किसी देश के नेता के लिए यह फैसला लेना आसान नहीं है।

0 ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे- ट्रंपः ट्रंप

प्रथम पृष्ठ का शेष....

ने परमाणु हथियारों के प्रसार पर चिंता जताते हुए ईरान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। ट्रंप के मुताबिक, परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना तीनों बड़ी शक्तियों के सहयोग का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हो सकता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान का परमाणु कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय राजनीति और सुरक्षा बहस का अहम मुद्दा बना हुआ है।

0 जिनपिंग ने कहा- बड़ी शक्तियों के बीच सहयोग जरूरीः चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी बातचीत और सहयोग को वैश्विक स्थिरता के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि बड़ी शक्तियों के बीच सकारात्मक संवाद अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि समय की जरूरत है। शी ने दुनिया को एक ग्लोबल विलेज बताते हुए कहा कि सभी देशों का भविष्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। ऐसे में बड़ी शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने चीन और रूस के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी के साथ अमेरिका के साथ स्थिर संबंध बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया। शी ने कहा कि चीन ऐसा अंतरराष्ट्रीय संबंध मॉडल चाहता है, जिसमें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, स्थिरता और संतुलित विकास को प्राथमिकता मिले।

सीएम योगी पहुंचे आर्य वर्धन के घर....

लोगों ने पहले पूरे प्रदेश को माफियाओं के जरिए तबाह किया था और आज इन्हें एक बार फिर से गर्मी चढ़ रही है। सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए सीएम योगी ने दो टूक कहा कि सड़कें आम जनता के चलने के लिए होती हैं, न कि किसी की अराजकता फैलाने के लिए। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी ने बताया कि उन गुंडों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के लिए स्थानीय प्रशासन को सख्त निर्देश दे दिए गए हैं और कानून हाथ में लेने वाले हर गुंडे के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी कि उन्हें सही सबक मिल सके।

उत्तर प्रदेश चुनावः पीएम मोदी की अमित....

छह संभागों में दूसरे राज्यों के छह संगठन मंत्रियों की तैनाती समेत कई फैसले शामिल हैं। अयोध्या, मथुरा जैसे हिंदुत्व से जुड़े मुद्दे स्वतः ही चुनावी चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। पार्टी को जनता के बीच विकास, रोजगार, कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष कोशिश करनी होगी। मथुरा बैठक के तत्काल बाद अमित शाह के साथ योगी आदित्यनाथ की लंबी बैठक हुई थी। बाद में इसमें बीएल संतोष और नितिन नवीन भी शामिल हुए थे। उसके पहले नितिन नवीन के आवास पर योगी आदित्यनाथ की अलग से बैठक हुई थी।

नक्सलियों के डम्प पर बड़ा खुलासा,.....

इसके अतिरिक्त, 34 .303 राउंड और 28 बीजीएल राउंड भी मिले हैं। नक्सलियों के डंप से एक वॉकी-टॉकी सेट बरामद हुआ। इसका एक चार्जर भी जब्त सामग्री में शामिल था। पुलिस ने 5 मीटर कोडेक्स वायर और एक कुकर बम भी जब्त किया। कुल मिलाकर, 7 बीजीएल सेल भी बरामद हुए हैं। यह बरामदगी नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

महादेव सट्टा केसः सौरभ चंद्राकर 14 दिन....

प्रोटेक्शन मनी के रूप में पहुंचाए गए थे। हालांकि ये आरोप शुभम सोनी की ओर से लगाए गए थे जिनकी पुष्टि को जांच एजेंसी के निष्कर्ष के रूप में नहीं माना जा सकता। श्वष्ठ की पूछताछ का केंद्र सौरभ चंद्राकर के सहयोगियों के बयान डिजिटल साक्ष्य और विदेशों में संचालित कंपनियों से जुड़े दस्तावेज रहे हैं। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी से अर्जित धन किन माध्यमों से विदेश भेजा गया, किन कंपनियों का इस्तेमाल हुआ और पूरे नेटवर्क में किसकी क्या भूमिका रही। अब सौरभ चंद्राकर की न्यायिक हिरासत, शुभम सोनी के खिलाफ वारंट और पुलिस अधिकारियों से पूछताछ की खबरों ने महादेव सट्टा ऐप मामले को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। जांच के आगामी खुलासों पर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों की नजर बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश...

है कि छत्तीसगढ़ के प्रति निवेशकों का भरोसा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वास्तविक निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के रूप में दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता केवल निवेश प्रस्ताव प्राप्त करना नहीं, बल्कि उन्हें समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारना और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करना है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार उद्योग स्थापना की प्रक्रियाओं को निरंतर सरल बना रही है। सिंगल विंडो सिस्टम को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है, ताकि निवेशकों को आवश्यक अनुमतियां पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि जन विश्वास अधिनियम के माध्यम से छोटे और प्रक्रियागत उल्लंघनों के लिए आपराधिक दंड के स्थान पर आर्थिक दंड की व्यवस्था की गई है। इससे व्यापार और उद्योगों के लिए अधिक विश्वासपूर्ण वातावरण तैयार हुआ है। सरकार का प्रयास है कि उद्यमी अनावश्यक प्रक्रियाओं में समय लगाने के बजाय उत्पादन, नवाचार और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई से बस्तर की परिस्थितियों में ऐतिहासिक बदलाव आ रहा है। सुरक्षा बलों के साहस और दृढ़ संकल्प से नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली, संचार और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा का यह नया वातावरण बस्तर सहित पूरे प्रदेश में औद्योगिक निवेश की नई संभावनाएं पैदा कर रहा है। आने वाले समय में उद्योग, पर्यटन, कृषि प्रसंस्करण और स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यमों के विस्तार से बस्तर के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आमंत्रण देते हुए कहा कि प्रदेश की रत्नगर्भा धरती प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। यहां उद्योगों के विस्तार के लिए व्यापक संभावनाएं हैं और राज्य सरकार निवेशकों के साथ पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में विकसित छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उद्योग जगत की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाया जाएगा।

भाजपा ओबीसी मोर्चा की परिचयात्मक बैठक संपन्न, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

खैरागढ़ (दावा)। जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, ओबीसी समाज की राजनीतिक एवं सामाजिक भागीदारी बढ़ाने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी विधानसभा और नगरीय निकाय चुनावों की संगठनात्मक तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

खैरागढ़ में भाजपा विधायक बनाना संगठन की प्राथमिकता : राजेन्द्र जायसवाल

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए दुर्ग संभाग भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रभारी राजेन्द्र जायसवाल ने कहा कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अपनी पार्टी का विधायक होना बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने सरगुजा संभाग का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां किसान कृषि क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं, इसी तर्ज पर खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के किसानों को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी समय में खैरागढ़ में भाजपा का विधायक बनाना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, जिसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से बूथ स्तर तक एकजुट होकर काम करना होगा।

सरकार की किसान हितैषी नीतियों से मिली बड़ी राहत : विक्रांत सिंह

आभार प्रदर्शन करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा अपनी सक्रिय गतिविधियों से समाज और संगठन के बीच मजबूत कड़ी का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 21 क्विंटल धान नहीं बेच पाने की स्थिति में भी अंतर की राशि देने का निर्णय किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से शासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लिया संकल्प
आगामी विधानसभा व नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों ने किया मंथन

कार्यकर्ताओं की पार्टी है भाजपा : तुलसी साहू

दुर्ग संभाग भाजपा सहप्रभारी तुलसी साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी खैरागढ़ नगर पालिका चुनाव में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

आपसी समन्वय और विचारधारा को मजबूत करने का आह्वान : राजकुमार जंघेल

स्वागत भाषण में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार जंघेल ने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और कृषक उन्नति योजना के विस्तार से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिल रहा है। बैठक में ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला यादव, घम्मन साहू, कोमल जंघेल, खम्हन ताम्रकार, मनोहर साहू, गणेश वर्मा, दीनदयाल सिन्हा, अशोक पाल, लेखराम साहू, गोरेलाल वर्मा, सहित बड़ी संख्या में मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी से शिकायतों का समाधान होगा आसान: गौराहा

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, निर्धारित सेवा मानकों और शिकायत निवारण प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डोंगरगढ़ नगर में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष ए.के. गौराहा ने उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की चरणबद्ध प्रक्रिया और फोरम की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिजली बिल, मीटर में गड़बड़ी, विद्युत आपूर्ति, कम वोल्टेज या नए कनेक्शन से संबंधित समस्याओं के लिए उपभोक्ताओं को सबसे पहले संबंधित विद्युत कार्यालय या उपलब्ध माध्यमों से शिकायत दर्ज करानी चाहिए। यदि निर्धारित स्तर पर संतोषजनक समाधान नहीं होता है, तो उपभोक्ता नियमानुसार फोरम के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने शिकायत के लिए आवश्यक दस्तावेजों और फोरम के अधिकार क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध न्याय दिलाना है।


डोंगरगढ़ में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

इन माध्यमों से दर्ज कराएं शिकायत

कार्यशाला में अधिकारियों ने बताया कि सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए शिकायत निवारण के कई विकल्प उपलब्ध हैं। उपभोक्ता अपनी शिकायत टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1912, मोर बिजली मोबाइल एप, विभागीय ऑनलाइन पोर्टल एवं संबंधित स्थानीय विद्युत कार्यालय आदि माध्यमों से दर्ज कर उसकी स्थिति की जानकारी ले सकते हैं।

उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का किया समाधान

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने बिजली बिल, मीटर और आपूर्ति से जुड़ी अपनी समस्याएं व जिज्ञासाएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर ही उचित मार्गदर्शन दिया गया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों का प्रभावी उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के सदस्य एन.के. साहू, डोंगरगढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता एस.पी. जैकब और सहायक अभियंता लाखन सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता उपस्थित रहे।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें प्राचार्य अंजय कुमार, प्राथमिक विभाग की मुख्याध्यापक श्रीमती ज्योति रंगारी, अन्य शिक्षकगण एवं प्राथमिक तथा माध्यमिक विभाग के विद्यालय प्रतिनिधि छात्र एवं छात्रा ने सहभागिता की।

इस अवसर पर कक्षा 3 अ के छात्र अयांश सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की वेशभूषा धारणकर बाल दिवस के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बाल दिवस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर मनाया जाता है, जिन्हें बच्चे बहुत प्रिय थे और वे बच्चों को देश का भविष्य मानते थे। इसके बाद प्राथमिक एवं बालवाटिका वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर श्रीमती सिमरन, प्राथमिक शिक्षिका द्वारा 'सूरज जैसे चमको तुम' शीर्षक की कविता प्रस्तुत की गई। कविता सुनकर बच्चे अत्यंत उत्साहित हुए।



प्राचार्य अंजय कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों को संदेश दिया कि बच्चे सच बोलना सीखें, हमेशा आगे बढ़ें और अच्छे संस्कार सीखें। उन्होंने कहा कि सिर्फ किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है, नेक इंसान बनना ही असली शिक्षा है। गिरकर फिर से उठना ही जीवन की असली रीत है और जो मेहनत से नहीं घबराता, उसी की जीत होती है। बच्चों को रट्टू तोता नहीं बनना, बल्कि सच को परखना और काँटों में भी फूलों सा खिलना सीखना है। कार्यक्रम का गीतात्मक संचालन श्रीमती पी. पद्मावती राव, प्राथमिक शिक्षिका द्वारा अत्यंत सुंदर ढंग से किया गया। कार्यक्रम का समापन बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

नवागांव विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना बाल दिवस

हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागांव में बाल दिवस के अवसर पर भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रामीणों की उपस्थिति में पारंपरिक मड़ई और डांग के साथ गांव का भ्रमण किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डौंडीलोहारा जनपद सदस्य नरेश कुमार सोनी शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नवागांव सरपंच ईश्वर ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच सुनीता पटेल, धनसिंह वासनिक, डेरहा राम साहू, श्रवण साहू, जोहन निषाद, रैनूराम साहू, तेजराम साहू, नरेन्द्र शांडिल्य, ढालसिंह हिरवानी, नागेश्वर साहू, महेन्द्र पटेल, मिलन साहू, कृष्णा ठाकुर, चमेली साहू, पूर्णिमा देवांगन, आशा खोब्रागड़े और उमेश्वरी यादव मौजूद रहे। मंचासीन अतिथियों का तिलक लगाकर व पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।


मेले में व्यंजनों के स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र

बाल मेले में स्कूली बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरीं। वहीं, अपनी रचनात्मकता और उद्यमशीलता का परिचय देते हुए विद्यार्थियों ने विविध व्यंजनों के स्टॉल लगाए। स्टॉलों पर इडली, गुपचुप, भेल, चाइनीज पकौड़ा, ब्रेड पकौड़ा और मिर्ची भजिया जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। जिसका ग्रामीणों ने खूब लुत्फ उठाया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

मांझीटोला में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू

जोंधरा (दावा)। ग्राम मांझीटोला में डड़सेना सिन्हा समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती समारोह श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। समारोह की शुरुआत में समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

एकजुटता में ही निहित है समाज की वास्तविक शक्ति : भोलाराम साहू

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक भोलाराम साहू ने जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन का जीवन शौर्य, पराक्रम, न्याय और प्रजा कल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनके आदर्श समाज को संगठन, सद्भाव और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। विधायक ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता और आपसी सहयोग में निहित है। इस तरह के सामाजिक आयोजन हमारी गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए समिति और ग्रामवासियों को बधाई दी।



समारोह में सिन्हा समाज के जिलाध्यक्ष तुलाराम सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश्वर सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष भागवत सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अं.चौकी अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, कुमरदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप धावड़े, बिटाल सरपंच मिथुन तारम, ग्राम पटेल मनसुख बसु, किसान नेता उदेराम साहू और सेवानिवृत्त शिक्षक तिलक जायसवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा मनोज सिन्हा (छुरिया), शैलेन्द्री सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, मनोहर लाउत्रे, विकास लाउत्रे, हेमलाल साहू, लता सिन्हा, अनुज सिन्हा, नरेश गजेन्द्र, अजय साहू, ईश्वर साहू और त्रिलोचन सहित समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामाजिक एकता और भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कांफ्लुएंस कॉलेज में दूरसंचार उपभोक्ता अधिकार व साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। दूरसंचार उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, डिजिटल सुरक्षा और शिकायत निवारण प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कांफ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, पारीकला में दूरसंचार उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 13 नवंबर को कॉलेज के आईक्यूएसी, राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई और शिक्षा विभाग द्वारा सामाजिक संस्था 'समर्पित' एवं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यशाला संपन्न हुई।

फर्जी कॉल और ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा और संतोष बघेल ने विद्यार्थियों को मोबाइल, इंटरनेट और अन्य दूरसंचार सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान की चरणबद्ध प्रक्रिया समझाई।



विद्यार्थियों को फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के दिए गए टिप्स

उन्होंने बताया कि टेलीकॉम कंपनियों की सेवाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता या समस्या होने पर उपभोक्ता निर्धारित शिकायत निवारण तंत्र का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने फर्जीवाड़े, भ्रामक ऑफर्स और संदिग्ध कॉल से बचने की सावधानियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय माणिकपुरी ने दूरसंचार कंपनियों के नाम पर होने वाले फर्जी कॉल और लिंक के जरिए होने वाली ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित कैशलेस लेनदेन और सतर्क डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनना समय की मांग

'समर्पित' संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि ट्राई द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के लिए देशभर में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने ट्राई द्वारा गठित 'कंज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप' की भूमिका और उद्देश्यों की भी जानकारी दी। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ दैनिक जीवन में उपयोगी डिजिटल सुरक्षा और उपभोक्ता अधिकारों की समझ होना बेहद जरूरी है। वहीं, डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में ऐसे कार्यक्रम युवाओं को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

टाटेकसा में धूमधाम से मनाई गई धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती

छुरिया (दावा)। वनांचल ग्राम टाटेकसा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर पटेल उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहल पटेल, गणित राम यादव एवं दौलत राम धनगुण, लक्ष्मी नेताम, सुलेखा बाई आदि उपस्थित रहे। विदित हो कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु गांव में मुंडा जनजाति परिवार में जन्मे धरती आबा बिरसा मुंडा ने मात्र 19 वर्ष की उम्र में 1895 में अंग्रेजों के खिलाफ जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान (महान विद्रोह) का बिगुल फूंका था। उन्होंने कहा था - अबुआ दिशुम, अबुआ राज। उनके आह्वान पर हजारों आदिवासी एकजुट हो गए। लोग उन्हें भगवान की तरह मानने लगे। अंग्रेज उनसे भयभीत हो गए और मात्र 25 वर्ष की आयु में 9 जून 1900 को रांची जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में उनका निधन हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। कुमारी रेणुका एवं मीरा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ व्याख्याता शिशुपाल सिंह कंवर ने स्वागत भाषण दिया तथा बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कक्षा 9वीं की छात्रा मीनाक्षी उसरे ने भाषण दिया। कुमारी मेघा, ज्योति, मीरा ने गीत-कविता से समां बांधे रखा। कुमारी डिम्पल ग्रुप एवं गौरी ग्रुप ने मनमोहक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। माध्यमिक विद्यालय से भी कुमारी खुशिका, तन्वी, पलक, मानवी एवं उनके साथियों ने मनमोहक डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ व्याख्याता उद्धव ठाकुर ने किया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती कांता मेश्राम मैडम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती शेख नाजनीन, किरन साहू, धारिका साहू, सुनील चौरे, टिकेश्वर वर्मा, महेश दास साहू एवं प्रदीप उमरे का विशेष योगदान रहा।

सरकारी खरीदी के बीच मंडी में भी धान की बंपर आवक, रोजाना पहुंच रहे 12 हजार कट्टे

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश व जिले भर में 15 नवंबर से सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी शुरू कर दी गई है। आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 5,508 किसानों से 20,849 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए किसान नजदीकी समितियों में पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में भी धान की बंपर आवक बनी हुई है। मंडी सचिव पंचराम वर्मा ने बताया कि मंडी में रोजाना लगभग 11 से 12 हजार कट्टा धान व अन्य उपज पहुंच रही है। बड़ी संख्या में किसानों और व्यापारियों की मौजूदगी से मंडी परिसर गुलजार बना हुआ है।



सोसायटी के बजाय मंडी ले जाने के पीछे ये हैं प्रमुख कारण

इन दिनों बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज सोसायटियों के बजाय सीधे मंडी ले जा रहे हैं। मंडी में किसानों को अपनी उपज बेचने पर हाथों-हाथ नकद भुगतान मिल रहा है और दिनभर लाइन में लगकर खटने की जरूरत भी नहीं पड़ रही है। इसके अलावा मंडी में तय कोटे (रकबे) की बाध्यता न होने के कारण किसान अपनी सुविधानुसार जितनी चाहे उतनी उपज लाकर बेच रहे हैं। इससे जहां किसानों को तत्काल राशि मिलने की राहत है, वहीं सरकार और समितियों को भी बारदाना बदलने, तौल-कांटा करने और परिवहन की अतिरिक्त कवायद से बचत हो रही है।

- हाथों-हाथ नकद भुगतान और तौल-कांटा की झंझट से बचने के लिए कृषि उपज मंडी का रुख कर रहे किसान
- मंडी में 3012 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रहा नया महामाया धान, सोयाबीन 7500 रुपये के पार

3012 रूपए प्रति क्विंटल तक बिका नया महामाया धान

मंडी सचिव श्री वर्मा ने बताया कि गुरुवार 19 नवंबर को मंडी में कुल 10,913 कट्टा धान की आवक हुई। जिसमें 10,713 कट्टा नया धान शामिल रहा। इसके अलावा कठानी की 315 कट्टा और सोयाबीन की 148 कट्टा आवक दर्ज की गई। व्यापारियों द्वारा नमी की जांच के आधार पर उपज की बोली लगाई जा रही है।

मंडी में प्रमुख जिंसों के भाव (प्रति क्विंटल)

नया महामाया (अधिकतम) 3012 रुपये, महामाया हल्का 2575, नया एचएमटी 2900, नया सरना 2425, पुराना सरना 2426, नया आईआर-64 (2415 से 2426 रुपये), नया ओएम-3 (2400) तथा खदवन 2200 रुपये प्रति क्विंटल। आवक कम होने से सोयाबीन के दाम में उछाल बना हुआ है और यह 7071 से 7503 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रहा है। वहीं देशी चना 6100 से 6790 रुपये, राहर 9400 से 9501 , मसूर 5750 से 5800, उड़द 6701 से 7451, गेहूं 2702 से 2800, लाखड़ी 3500 से 3540, बटरी 3711, अलसी 8501 रुपये तथा धनिया 10,000 से 15,800 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बिक रहा है।

मुख्यमंत्री का पीए बताकर भर्रेगांव के ग्रामीण से 87 हजार रुपये की ठगी

- तमिलनाडु सरकार की फर्जी योजना में 6 गुना मुनाफे का झांसा देकर खाते में डलवाई रकम
- व्हाट्सएप मैसेज डिलीट कर नंबर ब्लॉक करने पर हुआ ठगी का एहसास, बसंतपुर थाने में मामला दर्ज



राजनांदगांव (दावा)। शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भर्रेगांव में एक ग्रामीण को 6 गुना पैसा मिलने का लालच भारी पड़ गया। अज्ञात साइबर ठग ने खुद को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का निजी सहायक (पीए) बताकर ग्रामीण को अपने झांसे में लिया और उससे 87 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने बसंतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि भर्रेगांव निवासी पवन कुमार टंडन (लगभग 50 वर्ष) के मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने खुद को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलापति विजय का पीए बताया। उसने पवन को झांसा दिया कि तमिलनाडु सरकार द्वारा एक विशेष योजना चलाई जा रही है। जिसमें निवेश करने पर राशि 6 गुना बढ़कर वापस मिलती है।

रकम ट्रांसफर होते ही मैसेज डिलीट कर नंबर किया ब्लॉक

अधिक मुनाफे के प्रलोभन में आकर पवन कुमार ठग की बातों में आ गए। शुरुआत में आरोपी ने व्हाट्सएप के जरिए 70 हजार रुपये मांगे, लेकिन झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में कुल 87 हजार रुपये आरोपी द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। रकम खाते में पहुंचते ही ठग ने व्हाट्सएप चैट से संदेश डिलीट कर दिए और पीड़ित का नंबर ब्लॉक (ब्लैकलिस्ट) कर दिया। जब संपर्क टूट गया और चैट से विवरण गायब हो गया। तब पवन को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद पीड़ित ने बसंतपुर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन को पूरे मामले की जानकारी दी और लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। सीएसपी श्री तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के बैंक खाते और मोबाइल नंबर के जरिए उसकी पतासाजी की जा रही है।

खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर आज प्रेम शर्मा बिखेरेंगे भजनों की छटा



- श्री हनुमान श्याम मंदिर में पांच दिवसीय महोत्सव का चौथा दिन, रात्रि 8:15 बजे से सजेगी भव्य भजन संध्या

राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव (17 से 21 नवंबर) बड़े ही श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के मुख्य समारोह यानी कार्तिक शुक्ल एकादशी (शुक्रवार 20 नवंबर) को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर रात्रि 8:15 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इसमें लक्ष्मणगढ़ (राजस्थान) के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रेम शर्मा अपनी सुमधुर वाणी से भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे। वहीं दुर्ग का सुप्रसिद्ध निर्मल ग्रुप संगीत की प्रस्तुति देगा। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, अमित खंडेलवाल, बंसी अग्रवाल, योगेश लोहिया, संतोष बावरिया, संतोष पुरोहित, श्याम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल और प्रशांत अग्रवाल (महाकाल भक्त) ने बताया कि महोत्सव के शुरुआती तीन दिनों में भक्तों का भारी उत्साह देखने को मिला। प्रथम दिवस 17 नवंबर को मेहंदी उत्सव में सैकड़ों महिलाओं ने हाथों में श्याम नाम की मेहंदी रचाई। जिसके बाद रात्रि में हनुमंत सेवक गणेश मिश्रा द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया।

निशान यात्रा और आदर्श दाधीच के भजनों ने बांधा समां

द्वितीय दिवस 18 नवंबर को श्री श्याम कुटी (रामाधीन मार्ग) से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा से पूर्व गंगा आरती की तर्ज पर श्याम प्रभु की महाआरती हुई। निशान यात्रा में धर्म ध्वजा उठाने श्रद्धालुओं में होड़ मची रही और भक्तजन श्याम प्रभु के जयकारे लगाते हुए झूमते नजर आए। तीसरे दिन 19 नवंबर को कटिहार (बिहार) से आए श्याम सेवक आदर्श दाधीच ने अपनी ओजस्वी वाणी से भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे।

श्रृंगार, छप्पन भोग व प्रसादी सेवा के लाभार्थी तय, घर बैठे देख सकेंगे लाइव प्रसारण

समिति के सदस्य एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा तथा मनदीप सिंह झज ने जानकारी दी कि शुक्रवार को एकादशी जन्मोत्सव पर भव्य श्रृंगार सेवा के लाभार्थी लोकेश-भावेश अग्रवाल (स्व. राधाकिशन अग्रवाल परिवार), छप्पन भोग सेवा के लाभार्थी आशीष दिलीप कुमार सरावगी परिवार तथा प्रसादी सेवा के लाभार्थी मधुसूदन ओमप्रकाश अग्रवाल परिवार हैं। जो श्रद्धालु किसी कारणवश मंदिर परिसर में नहीं पहुंच पा रहे हैं। उनकी सुविधा के लिए महोत्सव का सीधा प्रसारण बीबीएसएस लाइव पर किया जाएगा। आयोजन समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमियों से भजन संध्या में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

श्री श्याम कुटी में पारंपरिक दीप यज्ञ के साथ प्रभु श्री श्याम जन्मोत्सव का भव्य शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। नगर के रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी में खाटू नरेश प्रभु श्री श्याम का पावन जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हो गया है। महोत्सव का विधिवत शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य दीप यज्ञ के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर संस्था के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्री श्याम के चरणों में अपनी आस्था अर्पित की और नगर व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जैसे ही दीप यज्ञ की ज्योति प्रज्वलित हुई। समूचा मंदिर परिसर बाबा श्याम की जय, हारे के सहारे की जय और खाटू नरेश की जय के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से सजाया गया है। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है।

आज रात्रि 9 बजे से होगी भव्य भजन संध्या

संस्था के मयंक शर्मा ने आगामी धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि जन्मोत्सव की श्रृंखला में शुक्रवार 20 नवंबर को रात्रि 9 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुमधुर भजनों की प्रस्तुति के साथ प्रभु का भव्य श्रृंगार व छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार श्री श्याम कुटी पधारकर दर्शन एवं भजन संध्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

कबाड़खाना बना मानपुर का पीएम श्री आत्मानंद स्कूल, कलेक्टर ने किया तीन सदस्यीय जांच दल गठित



- वित्तीय अनियमितता और पालकों से दुर्व्यवहार की शिकायत पर प्राचार्य के विरुद्ध जांच के निर्देश

मोहला/मानपुर (दावा)। शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मानपुर में संचालित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। एक तरफ जहां शासन और जिला प्रशासन इसे उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्कूल के भीतर के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। लगातार मिल रही शिकायतों और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू टांडिया के कड़े विरोध के बाद आखिरकार कलेक्टर तनुजा सलाम ने मामले की जांच के लिए तीन अधिकारियों का दल गठित किया है।

दो माह पूर्व शिक्षा मंत्री ने किया था दौरा, मांगा था एजुकेशन सिटी का प्रस्ताव

गौरतलब है कि महज दो महीने पहले ही प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने मानपुर आत्मानंद स्कूल का दौरा कर क्षेत्र को एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की मंशा जताई थी और जिला प्रशासन से इसका विस्तृत प्रस्ताव भी मांगा था। कलेक्टर तनुजा सलाम द्वारा भी स्कूल को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए लगातार राशि जारी की जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर उदासीनता के कारण शासन की मंशा पर पानी फिरता दिख रहा है।

दानदाताओं से मिली सामग्री हो रही बर्बाद, करंट का खतरा

स्कूल की बदहाली का आलम यह है कि कक्षाओं में लगे पंखे, ट्यूबलाइट और महंगे ग्रीन बोर्ड–जो शासन के बजाय पालकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चंदा एकत्र कर दान दिए थे–वे रखरखाव के अभाव में बर्बाद हो रहे हैं। कक्षाओं में पंखे खतरनाक तरीके से लटक रहे हैं, ग्रीन बोर्ड टूटकर फर्श पर पड़े हैं और बिजली के स्विच बोर्ड उखड़े हुए हैं। जिससे बच्चों को करंट लगने का सीधा खतरा बना हुआ है। जनभागीदारी से जुटाई गई संपत्ति की इस दुर्दशा से दानदाताओं और पालकों में गहरा आक्रोश है।

पालकों से दुर्व्यवहार व वित्तीय अनियमितता के आरोप, 3 सदस्यीय टीम करेगी जांच

13 नवंबर को आयोजित पालक बैठक में प्राचार्य सुशीला टंडन पर दुर्व्यवहार करने तथा शाला प्रबंधन समिति के बैंक खातों की जानकारी छिपाने के आरोप लगाते हुए सैकड़ों पालकों ने शिक्षा मंत्री व कलेक्टर से शिकायत की थी। विदित हो कि इससे पूर्व 26 फरवरी 2026 को जिला पंचायत की स्थायी शिक्षा समिति ने भी प्राचार्य को हटाकर किसी अन्य सक्रिय प्राचार्य को प्रभार सौंपने का प्रस्ताव पारित किया था, वहीं क्षेत्रीय सांसद और भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा भी जनभावनाओं के अनुरूप कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर तनुजा सलाम ने प्राचार्य सुशीला टंडन के विरुद्ध तीन अधिकारियों की जांच टीम गठित की है। यह दल शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही, शासन के निर्देशों की अवहेलना, प्रार्थना सभा में अनुपस्थिति, अनुशासनहीनता, पालकों से दुर्व्यवहार तथा शाला प्रबंधन समिति की राशि के दुरुपयोग व वित्तीय अनियमितता संबंधी शिकायतों की जांच कर प्रतिवेदन सौंपेगा।



राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम जन्मोत्सव पर श्री हनुमान श्याम मंदिर में आयोजित पंच दिवसीय महोत्सव के तृतीय दिवस भव्य श्याम दरबार सजा।

15 साल पुरानी जमीन की रजिस्ट्री शून्य घोषित

- 5 एकड़ कृषि भूमि कृषकों के नाम वापस करने के आदेश जारी

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा कृषकों के हितों के संरक्षण और राजस्व मामलों के निराकरण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव द्वारा कृषकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए करीब 15 साल पुरानी कृषि भूमि की रजिस्ट्री को शून्य घोषित किया गया है।

यह प्रकरण डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम आसरा एवं ग्राम किरगी की कुल करीब 5 एकड़ कृषि भूमि से संबंधित है। प्रकरण की सुनवाई एवं जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित जमीन की रजिस्ट्री वास्तविक खरीदी-बिक्री के लिए नहीं, बल्कि ऋण के लेन-देन के दौरान दबावपूर्वक कराई गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि कृषकों ने अपनी स्वतंत्र सहमति से जमीन का विक्रय नहीं किया था। मामले के तथ्यों एवं उपलब्ध दस्तावेजों की जांच के बाद छत्तीसगढ़ समाज के कमजोर वर्गों के कृषि भूमि धारकों का उधार देने वालों के भूमि हड़पने संबंधी कुचक्रों से परित्राण तथा मुक्ति अधिनियम, 1976 की धारा 7 (द्वद्व) के तहत ग्राम आसरा की भूमि की 11 जनवरी 2010 तथा ग्राम किरगी की भूमि की 19 जुलाई 2011 को हुई रजिस्ट्री को शून्य घोषित करने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक सुधार कर उक्त भूमि पुनः कृषकों के नाम दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्णय से संबंधित कृषकों को उनकी 5 एकड़ कृषि भूमि वापस मिलने का रास्ता साफ हुआ है।

अंतरविद्यालयीन स्पर्धाओं में गुजराती स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

- इंग्लिश डिबेट में सिद्धि सेन और चित्रकला में वंशिका प्रजापति ने हासिल किया द्वितीय स्थान
- संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई प्रतियोगिता, प्राचार्या व शिक्षण संघ ने दी बधाई



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अंतरविद्यालयीन स्पर्धा में शहर के मध्य 1958 से संचालित गुजराती हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी धाक जमाई है। स्पर्धा के अंतर्गत अंग्रेजी वाद-विवाद (इंग्लिश डिबेट) प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की छात्रा सिद्धि सेन ने अपनी प्रखर वाकपटुता और फर्राटेदार अंग्रेजी से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 1100 रुपये नकद, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी वर्ग में छात्रा प्रियांशी साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं की वंशिका प्रजापति ने अपनी कला का लोहा मनवाते हुए द्वितीय स्थान अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

उल्लेखनीय है कि सिद्धि सेन इससे पूर्व भी अंतरविद्यालयीन काव्यपाठ, भाषण, वाद-विवाद तथा रामायण प्रचारक समिति द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुकी हैं। इस उल्लेखनीय सफलता पर गुजराती स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव सहित गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

वाहन स्वामी घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं ई-चालान का भुगतान



राजनांदगांव (दावा)। परिवहन विभाग द्वारा वाहन स्वामियों एवं नागरिकों की सुविधा के लिए यातायात नियमों के उल्लंघन पर जारी ई-चालान की जानकारी प्राप्त करने एवं ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। भारत सरकार के परिवहन पोर्टल के माध्यम से वाहन स्वामी अपने वाहन के विरूद्ध जारी ई-चालान की जानकारी प्राप्त कर लंबित चालानों का भुगतान घर बैठे ऑनलाईन के माध्यम से कर सकते हैं।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव ने बताया कि वाहन स्वामी ई-चालान की जानकारी एवं भुगतान के लिए भारत सरकार की अधिकृत वेबसाइट https://echallan.parivahan.gov.in पर जाकर व्हीकल नंबर विकल्प का चयन कर सकते हैं। इसके पश्चात व्हीकल नंबर विकल्प में अपने वाहन का पंजीयन क्रमांक एवं स्क्रीन पर प्रदर्शित कैप्चा कोड दर्ज कर गेट डिटेल पर क्लिक करना होगा। इससे संबंधित वाहन के विरूद्ध जारी ई-चालानों का विवरण स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगा। जिस लंबित चालान का भुगतान करना है, उसके सामने उपलब्ध चेकबॉक्स पर टिक करें अथवा संबंधित पे-नाव विकल्प का चयन करें। इसके बाद पेमेंट गेटवे का विकल्प उपलब्ध होगा। जिसमें नेट बैंकिंग, यूपीआई, डेबिट कार्ड सहित अन्य डिजिटल भुगतान की सुविधा दी गई है। वाहन स्वामी सुविधानुसार विकल्प का चयन कर ई-चालान का भुगतान ऑनलाईन के माध्यम से कर सकते है। भुगतान प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात संबंधित ई-चालान का भुगतान दर्ज हो जाएगा तथा वाहन स्वामी भुगतान की रसीद भी प्राप्त कर सकते है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जिले के सभी वाहन स्वामियों से अपने वाहनों के विरूद्ध जारी लंबित ई-चालानों की जानकारी प्राप्त कर उनका समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की गई है। उन्होंने नागरिकों से ई-चालान का भुगतान केवल भारत सरकार की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से करने तथा किसी भी संदिग्ध लिंक, फर्जी संदेश अथवा अनधिकृत वेबसाइट के माध्यम से भुगतान नहीं करने की अपील की है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com